दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

अमन लेखनी



देवा पुष्पा 2 द रूल छावा की बदली डेट.....

सारा को राजनेता के बेटे पर आया दिल

वर्ष : 10 | अंक : 351 | लखनऊ, 04 दिसम्बर, बुधवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

जिन्हें भी समाज का संबल मिला, उन्होंने देश-दुनिया को अपनी प्रतिभा का लाभ दिया : सीएम योगी

संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्यांगजनों की सराहना करते हुए कहा कि जिन्हें भीसमाज का प्रोत्साहन-संबल मिला, उन्होंने देश-दुनिया एवं मानवता को अपनी प्रतिभा का लाभ दिया और यह साबित किया कि वे किसी से कम नहीं हैं। मुख्यमंत्री ने विश्व दिव्यांग दिवस पर यहां लोकभवन में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने दिव्यांग शब्द और भावनाओं को सम्मान देकर उन्हें गरिमामय तरीके से जीवन एवं हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान की। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को जब भी अवसर मिला तो अपनी प्रतिभा से उन्होंने इस शब्द को साबित किया।

योगी ने ऋषि अष्टावक्र, महाकवि सूरदास, भौतिक विज्ञानी स्टीफन हॉकिंग, जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य समेत अनेक उदाहरण दिए। मुख्यमंत्री ने महापुरुषों की चर्चा करते हुए कहा, जिन्हें भी मंच एवं समाज का प्रोत्साहन-संबल मिला, उन्होंने देश-दुनिया एवं मानवता को अपनी प्रतिभा का लाभ दिया और यह साबित किया कि वे किसी से कम नहीं हैं। योगी ने प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती (राष्ट्रीय अधिवक्ता दिवस) की भी शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के हर तबके के लिए कार्य करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ बढ़ रही है। योगी ने कहा कि राज्य के अंदर दो-दो दिव्यांग विश्वविद्यालय (लखनऊ में डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय एवं चित्रकूट में जगद्गुरु रामभद्राचार्य विश्वविद्यालय) हैं।

उनका कहना था कि दृष्टिबाधित, मूक बधिर एवं अन्य दिव्यांग बच्चों के लिए कॉलेज हैं, लेकिन इनकी संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है तथा उनमें प्रशिक्षित शिक्षक हों, उन्हें अच्छा मानदेय, सुविधाएं, प्रशिक्षण मिले और तकनीक से सक्षम बनाया जाए-इस पर और कार्य करने की आवश्यकता है। योगी ने 2017 में केवल सात-आठ लाख दिव्यांगजनों को पेंशन मिलने और वह भी महज 300-300 रुपये मिलने का दावा करते हुए कहा कि यह राशि छह महीने में आती थी, तो आधा पैसा बाबू खा जाता था, लेकिन उनकी सरकार ने यह राशि 300 रुपये से बढ़ाकर एक हजार रुपये की है एवं उसे सीधे खाते में भेजती है। उन्होंने कहा कि अब 11 लाख दिव्यांगजन 12 हजार रुपये वार्षिक पेंशन का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि तीन हजार रुपये मासिक कुष्ठावस्था पेंशन पीड़ित व्यक्ति के परिवार को उपलब्ध कराते हैं तथा यह भी तय किया गया कि इन परिवारों को पीएम/सीएम आवास भी दिया जाएगा। योगी ने कहा कि राजकीय सेवाओं में दिव्यांगों के लिए चार फीसदी आरक्षण की भी व्यवस्था है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों की प्रतिभा एवं ऊर्जा का सबसे अच्छा उदाहरण पेरिस पैरालंपिक रहा, जिसमें शानदार प्रदर्शन से मेडल की झड़ी लग गई थी। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप, समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव गोंड, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव सुभाष चंद शर्मा, डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

नागरिकों के अधिकारों के रक्षक बन रहे नए आपराधिक कानून

कानूनी जटिलताओं का फायदा नहीं उठा पाएंगे आतंकी : पीएम मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली, चंडीगढ़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन नए आपराधिक कानूनों के सफल कार्यान्वयन को राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान मोदी ने कहा कि देश में संविधान निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर संवैधानिक मूल्यों पर आधारित भारतीय न्याय संहिता का आरंभ होना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानून सभी नागरिकों के लाभ के लिए संविधान में निहित आदर्शों को साकार करने की दिशा में ठोस कदम को दशार्ते हैं। मोदी ने कहा कि नए कानूनों के तहत आतंकवादी और आतंकी संगठन कानूनी जटिलताओं का कोई फायदा नहीं उठा पाएंगे। नए आपराधिक कानून नागरिकों के अधिकारों के रक्षक बन रहे हैं।

मोदी ने कहा कि एक ऐसे समय में जब देश विकसित भारत का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है, जब संविधान के 75 वर्ष हुए हैं, तब संविधान की भावना से प्रेरित 'भारतीय न्याय संहिता' के प्रभाव का प्रारंभ होना, बहुत बड़ी बात है। देश के नागरिकों के लिए हमारे संविधान ने जिन आदर्शों की कल्पना की थी, उन्हें पूरा करने की दिशा में ये ठोस प्रयास है। उन्होंने कहा कि आजादी के सात दशकों में न्याय व्यवस्था के सामने जो चुनौतियां आईं, उन पर गहन मंथन किया गया। हर कानून का व्यवहारिक पक्ष देखा गया, भविष्यवादी पैरामीटर पर उसे कसा गया, तब भारतीय न्याय संहिता इस स्वरूप में हमारे सामने आई है। मैं इसके लिए सुप्रीम कोर्ट का, माननीय न्यायाधीशों का, देश की सभी हाई कोर्ट का विशेष आभार व्यक्त करता हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 1947 में, सदियों की गुलामी के बाद जब हमारा देश आजाद हुआ, पीढ़ियों के इंतजार के बाद, लोगों के बलिदानों के बाद, जब आजादी की सुबह आई, तब कैसे-कैसे सपने थे, देश में कैसा उत्साह था। उन्होंने कहा कि देशवासियों ने सोचा था कि अंग्रेज गए हैं, तो अंग्रेजी कानूनों से भी मुक्ति मिलेगी। अंग्रेजों के अत्याचार के, उनके शोषण का जरिया ये कानून ही तो थे। ये कानून ही तब बनाए गए थे, जब अंग्रेजी सत्ता भारत पर अपना शिकंजा बनाए रखने के लिए कुछ भी करने को तैयार थी।

मौसम

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 24.c

बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,634.72

निफटी 25,013.85

बुधवार को हिंसा प्रभावित संभल का दौरा कर सकते हैं राहुल गांधी

एजेंसी

नई दिल्ली, विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बुधवार को हिंसा प्रभावित संभल का दौरा करने की उम्मीद है। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। 24 नवंबर को दूसरे सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क उठी जब प्रदर्शनकारी शाही जामा मस्जिद के पास एकत्र हुए और सुरक्षा कर्मियों से भिड़ गए। इसके बाद हुई हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। इससे पहले उत्तर प्रदेश इकाई के प्रमुख अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल को संभल जाने से रोक दिया गया।

भारी ड्रामे के बीच, राय, जो अपनी कार में ड्राइवर की सीट पर बैठे थे और उनके बगल में पार्टी के वरिष्ठ नेता पीएल पुनिया थे, वे तथ्य-खोज दौरे के लिए नहीं निकल सके, यहां तक कि पुलिस और नारे लगा रहे पार्टी कार्यकताओं के बीच झड़प भी हुई। पुलिस ने रविवार रात को राज्य की राजधानी में पार्टी के कार्यालय और उसके कई नेताओं के आवासों के बाहर बैरिकेड्स लगा दिए थे, जो संभल में कांग्रेस की नियोजित तथ्य-खोज यात्रा पर राय के साथ जाने वाले थे। संभल हिंसा को लेकर मंगलवार को संसद में एक बार फिर हंगामा हुआ। इस दौरान समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर आरोप लगाए।

ये लखनऊ और दिल्ली की लड़ाई, संभल हिंसा पर बोले अखिलेश

यह सोची समझी साजिश, भाईचारे पर चलाई गई गोली

संवाददाता

लखनऊ । संभल हिंसा को लेकर मंगलवार को संसद में एक बार फिर हंगामा हुआ। इस दौरान समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर आरोप लगाए। लोकसभा में बोलते हुए समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि संभल भाईचारे के लिए जाना जाता था लेकिन संभल के भाईचारे को गोली मारी गई है। उन्होंने दावा किया कि संभल में जो घटना हुई है वह सोची समझी साजिश है और संभल में भाईचारे पर गोली चलाई गई है। भाजपा और उसके सहयोगी देश भर में जो खुदाई की बातें कर रहे हैं, उससे देश का भाईचारा खत्म हो जाएगा।

अखिलेश ने कहा कि ये सरकार संविधान को नहीं मानती। 19 नवंबर को सर्वे की याचिका दायर की गई। दूसरे पक्ष को सुने बिना सर्वे का आदेश दे दिया गया। एकबार सर्वे के बाद जब ये हो गया कि अब रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जाएगी, फिर सर्वे की क्या जरूरत थी। उन्होंने दावा किया कि लोगों को पुलिस ने नमाज पढ़ने से रोका गया। लोगों ने दोबारा सर्वे की वजह जाननी चाही तो पुलिस प्रशासन ने बेकसूरों को गोली मारी। संभल में माहौल बिगाड़ने वालों और पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। ये लखनऊ और दिल्ली की लड़ाई है। राज्यसभा में सपा सांसद राम गोपाल यादव ने कहा ने कहा कि 24 नवंबर को सुबह 6 बजे पूरे संभल में पुलिस तैनात कर दी गई। संभल के लोगों को पता ही नहीं था कि पुलिस क्यों तैनात की जा रही है। कुछ देर बाद ऊट, ररढ, वकील और कुछ लोग पुलिस के साथ ढोल बजाते हुए मस्जिद में घुस गए। उन्होने दावा किया कि भीड़ को शक था कि वे मस्जिद में तोड़फोड़ करने जा रहे हैं। रऊट ने पानी की टंकी खोली और जब पानी बाहर निकलने लगा तो लोगों को शक हुआ कि उसमें कुछ गड़बड़ है और फिर वहां अशांति फैल गई। सपा नेता ने आरोप लगाया कि पुलिस ने गोलियां चलाईं, 5 लोग मारे गए, 20 लोग घायल हुए, सैकड़ों लोगों पर केस दर्ज किए गए और कई लोग जेल में हैं, जो पकड़े गए उन्हें बुरी तरह पीटा गया। उन्होंने कहा कि मेरा और कई अन्य लोगों का मानना है कि उत्तर प्रदेश में पहले जो चुनाव हुए थे, उसमें पड़ोसी जिलों की पुलिस ने किसी को वोट नहीं डालने दिया और जबरन चुनाव अपने कब्जे में ले लिया। यह सब एक तरह से उस बात से ध्यान हटाने के लिए हुआ।

संक्षिप्त समाचार

ताज महल को बम से उड़ाने की मिली धमकी, जांच में जुटी पुलिस

एजेंसी

आगरा, आगरा के प्रतिष्ठित ताज महल को मंगलवार को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। एसीपी ताज सुरक्षा सैयद अरीब अहमद ने कहा कि पर्यटन विभाग को ईमेल मिला। उसके आधार पर ताजगंज थाने में मामला दर्ज किया जा रहा है। आगे की जांच चल रही है। बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) की टीम और स्थानीय पुलिस मुगल स्मारक पर पहुंची और देश के शीर्ष पर्यटक स्थल के परिसर में तलाशी अभियान चलाया। ताज की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे एसीपी ने कहा कि बम निरोधक दस्ते, डॉग स्क्वायड और अन्य टीमों को सेवा में लगाया गया, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पर्यटन कार्यालय को एक ईमेल प्राप्त हुआ था जिसमें ताज महल को उड़ाने की धमकी दी गई थी। हमें ईमेल के अनुसार कुछ भी नहीं मिला।

चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की सुनवाई से सीजेआई हटे

नई बेंच 6 जनवरी से सुनवाई करेगी

एजेंसी

नई दिल्ली, भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने मंगलवार को मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति को नियंत्रित करने वाले 2023 कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। सीजेआई खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने आदेश दिया कि मामले को उस पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए जिसका सीजेआई हिस्सा नहीं है।

पुरातत्व विभाग ने मांगा संभल जामा मस्जिद का नियंत्रण

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के जिला संभल की एक स्थानीय कोर्ट द्वारा जिला की जामा मस्जिद का सर्वे कराये जाने का आदेश देने के बाद सर्वे टीम के साथ अभद्रता और भड़की हिंसा के बाद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने अदालत में अपना जवाब दाखिल कर दिया है। इसमें मुगलकालीन मस्जिद का नियंत्रण और प्रबंधन मांगा गया है। अदालत से कहा है कि यह एक संरक्षित विरासत संरचना है। बता दें कि इससे पहले अदालत शाही जामा मस्जिद के सर्वे की अनुमति दे चुकी थी।

एएसआई का प्रतिनिधित्व करते हुए वकील विष्णु शर्मा ने कहा कि एजेंसी ने शुक्रवार को अदालत में अपना प्रतिवाद प्रस्तुत किया. इसमें कहा गया कि सर्वे के दौरान टीम को मस्जिद प्रबंधन समिति और स्थानीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा था। एएसआई ने 19 जनवरी 2018 की एक घटना का भी जिक्र किया है. उस समय मस्जिद प्रबंधन समिति के खिलाफ अनुमति के बिना मस्जिद की सीढ़ियों पर स्टील की रेलिंग लगाने के लिए एफआईआर दर्ज की गई थी।

विष्णु शर्मा ने कहा कि 1920 में एएसआई ने इस स्मारक को संरक्षित अधिसूचित किया था, तब से ही मस्जिद एजेंसी के अधिकार क्षेत्र में है। इस प्रकार, संरचना तक जनता की पहुंच की अनुमति दी जानी चाहिए. लेकिन एएसआई नियमों का पालन भी जरूरी है। एएसआई का तर्क है कि स्मारक का नियंत्रण और प्रबंधन उनके पास ही रहना चाहिए। इसमें कोई भी संरचनात्मक संशोधन भी शामिल है। संस्था ने प्रबंधन समिति के मस्जिद की संरचना में अनधिकृत बदलाव करने पर भी चिंता जाहिर की है। एएसआई ने कहा है कि उन्हें प्रतिबंधित किया जाना चाहिए. उन्होंने उम्मीद जताई है कि आने वाले दिनों में अदालत इस मामले पर विचार-विमर्श करेगी। गौरतलब है कि संभल में 24 नवंबर को हिंसा भड़क गई थी। ये तब हुआ था, जब कोर्ट के आदेश के बाद शाही जामा मस्जिद पर सर्वे किया जा रहा था। इसमें चार लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे।

नए साल में वंदे भारत से होगा कश्मीर की हसीन वादियों का दीदार

एजेंसी

नई दिल्ली, भारतीय रेलवे अपनी पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू करने के लिए तैयार है, जो उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) के माध्यम से नई दिल्ली को श्रीनगर से जोड़ेगी। आधुनिक सुविधाएं और बेहतर यात्रा सुविधा प्रदान करने वाली इस ट्रेन का उद्घाटन 26 जनवरी, 2025 को गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा। यह सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन राष्ट्रीय राजधानी और कश्मीर के बीच पहली सीधी रेल सेवा होगी, जो 13 घंटे से कम समय में 800 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेगी। नई दिल्ली से शाम 7:00 बजे प्रस्थान करके, यह जम्मू तवी, कटरा और बनिहाल में प्रमुख पड़ावों के साथ अगले दिन सुबह 8:00 बजे श्रीनगर पहुंच जाएगी। यह सेवा नई दिल्ली और कश्मीर घाटी के बीच पहली बार सीधी रेल कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। इएटछ द्वारा निर्मित, वंदे भारत स्लीपर ट्रेन लंबी दूरी और रात भर की यात्रा के लिए बनाई गई है। ट्रेन के प्रोटोटाइप का अनावरण रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सितंबर 2024 में किया था। जानकारी के मुताबिक दिल्ली-श्रीनगर-नई दिल्ली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में विभिन्न प्रकार के कोच होंगे।

फडणवीस को लेकर शिंदे के नखरे के पीछे दिल्ली में बैठी महाशक्ति : संजय राउत

एजेंसी

मुंबई । शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत ने स्पष्ट रूप से भाजपा नेतृत्व की ओर इशारा करते हुए दावा किया कि महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे दिल्ली में बैठी महाशक्ति के समर्थन से भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस को लेकर नखरे और नाराजगी दिखा रहे हैं। नयी दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए राउत ने महाराष्ट्र में सरकार गठन में हो रही देरी को अराजकतापूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित हुए 10 दिन से अधिक हो गए हैं, लेकिन किसी भी पार्टी या गठबंधन ने न तो सरकार बनाने का दावा पेश किया है और न ही अपने विधायकों की सूची दी है।

राउत ने कहा कि राज्यपाल ने अभी तक किसी को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित नहीं किया है, लेकिन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने शपथ ग्रहण की तारीख घोषित कर दी है, जो आजाद मैदान में होगी। राज्यसभा सदस्य ने कहा, मुझे लगता है कि एकनाथ शिंदे के नखरे और देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ नाराजगी के पीछे दिल्ली में बैठी कोई महाशक्ति है। महाशक्ति के समर्थन के बिना एकनाथ शिंदे ऐसा कुछ करने की हिम्मत नहीं कर सकते। दिल्ली में सत्ता में बैठे लोगों को नखरे दिखाने की हिम्मत किसी में नहीं है।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 132 सीट जीती हैं, ऐसे में फडणवीस को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे देखा जा रहा है। भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के महायुति गठबंधन द्वारा 288 विधानसभा सीट में से 230 सीट जीतने के बावजूद, राज्य में सरकार का गठन होना बाकी है।

मंगोलपुरी इलाके में युवक की गोली मारकर हत्या

केजरीवाल ने कानून व्यवस्था को लेकर केंद्र पर साधा निशाना

एजेंसी



नई दिल्ली, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को मंगोलपुरी हत्याकांड पर प्रतिक्रिया दी और दिल्लीवासियों से एकजुट होकर अपराध के खिलाफ आवाज उठाने का आग्रह किया। एक्स पर एक पोस्ट में केजरीवाल ने कहा कि कल रात मंगोलपुरी में एक व्यक्ति की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई। परसों दिल्ली में तीन हत्याएं हुईं। पूर्व सीएम ने दिल्ली के नागरिकों से आग्रह करते हुए कहा कि सभी दिल्लीवासियों को एक साथ आना चाहिए और अपराध के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

यह बयान बाहरी दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में सोमवार रात मामूली बात पर हुए विवाद के बाद 19 वर्षीय एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद आया है। कल केजरीवाल ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ नारायणा हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मुलाकात की। मुलाकात के बाद केजरीवाल ने खुलासा किया कि पीड़िता के छोटे भाई की भी छह महीने पहले हत्या कर दी गई थी और उन्होंने पुलिस पर मामले में निष्क्रियता का आरोप लगाया।

आप नेता ने बताया किजब मैं पीड़ित परिवार से मिलने गया तो स्थानीय लोगों ने बताया कि नारायणा इलाके में 5-7 युवक हैं, जिन्होंने वहां उत्पात मचा रखा है, लेकिन पुलिस कुछ नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि जब पीड़ित के भाई की हत्या हुई तो पुलिस ने कार्रवाई क्यों नहीं की? कल जब परिवार के सदस्यों ने विरोध किया तो पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया। यह कैसी कानून व्यवस्था है। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा ने दिल्ली को गुंडों, बदमाशों और बलात्कारियों के हाथों में दे दिया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा किआज पूरी दिल्ली में दहशत है लेकिन अमित शाह और उनकी दिल्ली पुलिस कोई एक्शन नहीं ले रहे। बीजेपी की वजह से दिल्ली में जंगलराज है और गुंडे व अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं।

उत्तर प्रदेश का 76 वां जिला बना महाकुंभ मेला जनपद

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने महाकुंभ मेला क्षेत्र को अलग जनपद घोषित कर दिया है। इसके बाद प्रदेश में अब 75 की जगह 76 जिले हो गये हैं। रविवार को प्रयागराज जिले की सीमा से एक नया जिला काटकर महाकुंभ मेला जनपद का गठन किया गया। प्रयागराज के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए कहा कि नया जिला अस्तित्व में आ गया है। अधिसूचना के अनुसार, इस जिले की सीमाएं भी निर्धारित कर दी गई हैं। महाकुंभ मेला जनपद में चार तहसीलें सदर, सोरांव, फूलपुर और करछना शामिल होंगी। अन चार तहसीलों में कुल 67 गांव होंगे। इन गांवों से संबंधित मुकदमों की सुनवाई भी इस जिले के जिलाधिकार द्वारा की जाएगी। बता दें हर साल प्रयागराज में माघ मेला और छह साल में अर्द्ध कुंभ का आयोजन होता है, लेकिन 12 साल में होने वाला महाकुंभ एक अलग ही दृश्य उभरता है। इस दौरान प्रयागराज शहर के भीतर एक नया शहर बसाया जाता है, जिसकी आबादी आमतौर पर पुराने शहर से भी ज्यादा होती है। बता दें पहले भी महाकुंभ के दौरान इस नए शहर को जिला घोषित किया जाता रहा है, और यहां अलग से जिला मजिस्ट्रेट, उपजिला अधिकारी और तहसीलदारों की नियुक्ति की जाती है, साथ ही एसएसपी भी तैनात किया जाता है। जनवरी 2025 में होने वाले महाकुंभ को ध्यान में रखते हुए इस नए जिले का गठन किया गया है, जो उत्तर प्रदेश का 76वां जिला होगा और कुंभ मेला जनपद के नाम से जाना जाएगा।

संक्षेप

बेखौफ चोरों ने राज्य बीमा निगम अस्पताल की पार्किंग से बाइक करी पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में बेखौफ चोरों ने बीते दिनों कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल की पार्किंग से एक बाइक चोरी कर ली। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीजीआई के हैवत मऊ मवईया, पंचम खेड़ा निवासी राम प्रकाश के मुताबिक वह सरोजनीनगर के कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल में कार्यरत है। उसका कहना है कि 25 नवंबर को सुबह 7:30 बजे वह ड्यूटी पर आया और अपनी स्प्लेंडर प्लस बाइक (यूए 07एच 1801) पार्किंग में खड़ी कर ड्यूटी करने चला गया। दोपहर बाद करीब 1:30 बजे जब बाहर निकाला तो उसकी बाइक पार्किंग से गायब मिली। आसपास लोगों से पता किया, लेकिन शाम तक खोजने के बाद भी बाइक का कहीं कोई पता नहीं चल सका। तब राम प्रकाश ने इसकी सूचना सरोजनीनगर पुलिस को दी। पुलिस सोमवार देर शाम रिपोर्ट दर्ज कर आसपास सीसीटीवी कैमरों के जरिए चोरों का पता लगाने में जुट गई है।

बैंक ऑफ बड़ौदा धोखाधड़ी मामला: ईडी ने कानपुर में कंपनी की 6.37 करोड़ की संपत्ति जब्त की

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ हुई ठगी के मामले में कानपुर की कंपनी विनय वायर एंड पाली प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू की है। ईडी ने कंपनी संचालकों की अहमदाबाद (गुजरात) व कानपुर स्थित 6.37 करोड़ रुपये की चार संपत्तियां जब्त की हैं। इनमें एक औद्योगिक भूखंड व तीन फ्लैट शामिल हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर ऋण लेकर हड़पने के मामले में सीबीआई लखनऊ ने मार्च 2021 में विनय वायर एंड पाली प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के संचालक कानपुर निवासी विनय कनोडिया, ब्रजेश कनोडिया, गायत्री देवी कनोडिया व सीएन मालवीय समेत अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

बंद कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटकता मिला एसडीआरएफ जवान का शव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एसडीआरएफ जवान अजय तोमर (27) का शव उसके किराए के आवास में बंद कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटका मिला। जबकि उसकी पत्नी नीलम (23) का शव बेड पर पड़ा मिला। उसके भी गले में रस्सी बंधी हुई थी। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि एसडीआरएफ जवान ने पहले पत्नी की रस्सी से गला घोट कर हत्या की और बाद में खुद फांसी पर लटक गया। हालाकि पुलिस को संदेह है कि किसी बात से नाराज उसकी पत्नी ने फांसी लगाई। जानकारी होने पर एसडीआरएफ जवान ने उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। इसी सदमे में आकर एसडीआर जवान ने भी आत्महत्या कर ली। फिलहाल पुलिस ने जाँच पड़ताल के बाद दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक आगरा जिले के अछनेरा थाना अंतर्गत मांगुरा गांव में रहने वाला अजय तोमर राजधानी लखनऊ के बिजनौर में नूरनगर भदरसा स्थित राज्य आपदा मोचन बाल (एसडीआरएफ) मुख्यालय में कांस्टेबल पद पर तैनात था। वह 2019 बैच का जवान था। उसकी करीब 2 वर्ष पहले ही आगरा जिले के न्यू आगरा थाना अंतर्गत नगला पदी निवासी नीलम के साथ लव मैरिज हुई थी। अजय अपनी पत्नी नीलम के साथ एसडीआरएफ मुख्यालय के पास ही नूरनगर भदरसा निवासी रणवीर यादव उर्फ रामू के मकान में दूसरी मंजिल पर किराए पर रहता था। मंगलवार सुबह करीब 7 बजे एसडीआरएफ मुख्यालय में परेड थी। अजय जब

परेड में नहीं पहुंचा तो अधिकारियों ने उसका फोन मिलाया। लेकिन फोन स्विच ऑफ मिला। बाद में एसडीआरएफ जवान उसे कमरे पर बुलाने गए, लेकिन कमरे का ताला अंदर से बंद था। उन्होंने कमरे में झांककर देखा तो आरक्षी अजय रस्सी के सहारे कमरे के अंदर पंखे के हुक से मृत अवस्था में लटका था। जबकि उसकी पत्नी नीलम बेड पर मृत पड़ी थी। बाद में पुलिस को सूचना दी गई। सूचना के बाद पहुंची बिजनौर पुलिस के सामने दरवाजा तोड़कर अजय के शव को नीचे उतारा गया और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वहीं घटनास्थल पर मौजूद लोगों के अनुसार घटना हत्या की ओर इशारा कर रही है। लोगों में चर्चा है कि पति-पत्नी के बीच रात में लड़ाई झगड़ा हुआ। उसके बाद अजय ने अपनी पत्नी की रस्सी से गला घोट कर हत्या कर दी। बाद में खुद फांसी के फंदे पर लटक गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। बिजनौर थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राणा का कहना है कि उसकी पत्नी ने किसी वजह से फांसी लगाई होगी। जिसके बाद अजय ने उसे बचाने की कोशिश की। जब वह नहीं बचा सका तो उसने खुद आत्महत्या कर ली।

विभागीय सूत्रों की माने तो मृतक आरक्षी अजय सोमवार शाम को भी जवानों की होने वाली गिनती में शामिल नहीं हुआ था और सुबह परेड में भी नहीं पहुंचा। जब शाम को गिनती और सुबह परेड में नहीं पहुँचा तो अधिकारियों ने जवानों को उसके आवास पर जानकारी करने के लिए भेजा। तब पूरी घटना की जानकारी अधिकारियों और पुलिस को हुई।

मृतक अजय के पिता निरंजन खेती किसानी करते हैं। मृतक के परिवार में दो भाई, एक बहन है और मृतक का बड़ा भाई दिल्ली में इंस्पेक्टर है। लेकिन परिजनों को भनक तक नहीं लगी कि अजय ने कब शादी कर ली और ना ही वह अजय की पत्नी नीलम के बारे में कुछ जानते हैं। जबकि बताते हैं कि लगभग 2 साल पहले अजय ने नीलम के साथ प्रेम विवाह किया था और उसे लेकर यहां रह रहा था।

सियार के हमले से घायल छात्र की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सियार के हमले से घायल हुए इंटर के छात्र की इलाज के दौरान मौत, मौत की खबर सुनते ही परिवार में मचा कोहराम।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रुसेना के मजरा खेड़ा निवासी राजू उर्फ रजनीश के पुत्र भुवनेश (17) बीते करीब एक माह पूर्व पांच नवंबर को वह खेत पर गया था। वहां सियार ने उस पर हमला बोल दिया। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया था। जिसकी चीख की आवाज सुनकर पास के खेतों में काम कर रहे लोग लाठी डंडा लेकर दौड़े तो सियार वहां से बागों की तरफ भाग निकला। घायल अवस्था में तुरंत आनन फानन में छात्र को मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां हालत में सुधार न होता देख उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया था। जहां मंगलवार को एक निजी अस्पताल में इलाज के

मृतक भुवनेश फाइल – फोटो

दौरान उसकी मौत हो गई। जिससे पूरा परिवार सदमे में है। मृतक के परिवार में माता सुमन, भाई अविनाश, बहन रूबी व अंजली का रो-रो कर बुरा हाल है। उसी दिन सियार ने किशोरी पर भी किया था हमला रुसेना निवासी रघु की बेटी राधा (16) पर भी हमला किया था और उसके शरीर के कई हिस्से में काट लिया था। किशोरी की मां मालती ने आसपास के लोगों की मदद से खूंखार सियार को वहां से खदेड़ा था। तब जाकर राधा की जान बची थी। राधा अब पूरी तरह से स्वस्थ है।

डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ सिंचाई विभाग के पदाधिकारियों का चुनाव हुआ संपन्न

वाल्मी भवन के सभागार में हुआ चुनाव

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । रायबरेली रोड के उतरटिया स्थित वाल्मी भवन में मंगलवार सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश वाल्मी शाखा इकाई का द्विवर्षीय चुनाव जनपद सचिव व चुनाव अधिकारी इं संजीव मिश्र में मौजूदगी में संतोषजनक रूप से संपन्न हुआ । इस मौके पर चुनाव अधिकारी इं० संजीव मिश्र ने चुनाव परिणामों की घोषणा करते हुए बताया कि राज्य बांध सुरक्षा संगठन सिंचाई विभाग के इंजी० संदीप कुमार श्रीवास्तव को शाखा अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान सिंचाई विभाग में तैनात इंजी० अम्बरीष द्विवेदी को शाखा उपाध्यक्ष, स्वारा सिंचाई विभाग के इंजी० राजेश कुमार को शाखा सचिव व राज्य बांध सुरक्षा संगठन के इंजी० रवि प्रकाश को वित्त सचिव के रूप में चुना गया । चुनाव व घोषित परिणाम के दौरान प्रांतीय वित्त सचिव इं० प्रदीप कुमार शुक्ल, हितैषिता निधि एवं प्रांतीय सचिव श्रवण कुमार, जनपद वित्त सचिव इं० विनोद कुमार व इंजी० संजीव कुमार, राम बहादुर, पवन मिश्र समेत तमाम पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे ।

मलिहाबाद के बाद रहमान खेड़ा में मिले हिंसक जानवर के पगचिन्ह

दो दिन से पग चिन्हों के पीछे चल रही टीम, अभी तक खोज नहीं पाई

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद के बाद मंगलवार सुबह रहमान खेड़ा गांव के पास खेत में हिंसक जंगली जानवर के पगचिह्न देख ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग टीम ने जांच के पड़ताल के बाद बाघ के पगचिह्न होने की आशंका जतायी है। ग्रामीणों को हिंसक जंगली जानवर होने का भय सताने लगा है। रहमान खेड़ा के ग्रामीणों ने बताया कि यहां किसान अपने खेतों में मचान बना कर फसल की रखवाली करते हैं। मंगलवार सुबह खेतों के आसपास जंगली जानवर के पगचिह्न दिखाई पड़े। जिसपर वन विभाग को इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने पगचिह्नों का मुआयना कर उन्हें किसी हिंसक जानवर के पगचिह्न होने की आशंका जताई। वहीं दुबग्गा वन रेंजर सोनम दीक्षित ने बताया कि रहमान खेड़ा के

पगचिन्हों की जांच करती वन विभाग टीम

पास मिले पगचिह्न बाघ या अन्य जानवर के लग रहे हैं। फिलहाल आसपास कोई शिकार नहीं मिला है। अवध वन विभाग ने टीमों को क्षेत्र में बराबर नजर बनाने के लिए मुस्तैद कर दिया है वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि रात में घरो से बाहर निकलने पर हाथ में लाठी डंडा या मसाल लेकर चलें। साथ ही मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर बंधे पगचिह्न पाये जाने के बाद आसपास के गावों के लोग दहशत में हैं। अभी तक ग्रामीणों ने इस हिंसक जानवर के पगमार्क ही देखें है. वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक अभी यह साफ नहीं है कि यह पगमार्क तेंदुए या बाघ के ही हैं. फिलहाल विभागीय टीम ने पगमार्क के सैंपल लेकर उसकी जांच शुरू कर दी है. इसी के साथ ग्रामीणों को सचेत रहने ओर झुंड में ही बाहर निकलने की सलाह दी है. उधर, दो दिन बाद भी तेंदुए या बाघ का सुराग नहीं मिलने की वजह से ग्रामीणों में आक्रोश है. ग्रामीणों के मुताबिक इसी इलाके में एक साल पहले तेंदुआ आया था. एक हफ्ते तक यह तेंदुआ आबादी क्षेत्र के आसपास मंडराता रहा और वापस जंगल लौट गया था।

चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट में डिब्बे के अन्दर मानव भ्रूण मिलने से मचा हड़कम्प

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट में मंगलवार सुबह मानव भ्रूण मिलने से हडकम्प मच गया। कोरियर कराने आये एजेन्ट के सामान में मौजूद एक डिब्बे के अन्दर मानव भ्रूण मिलने से कार्गो कर्मचारियों में दहशत फैल गयी। आनन फानन कार्गो स्टाफ द्वारा सीआईएसएफ को सूचना देने के साथ ही कोरियर कराने आये युवक को पकड़कर सीआइएसएफ के हवाले कर दिया गया। वहीं सीआईएसएफ की पूछताँछ के दौरान युवक उक्त भ्रूण के बारे में कुछ भी नहीं बता सका। बताते हैं कि लखनऊ एयरपोर्ट में कार्गो स्टाफ के लोग रोज की तरह मंगलवार को भी सुबह कार्गो के लिए बुक होने वाले सामान की स्केनिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक प्राइवेट कम्पनी का कोरियर एजेन्ट कार्गो के जरिये सामान बुक कराने आया। कार्गो स्टाफ द्वारा जब उसके द्वारा बुक कराये गये सामान की स्केनिंग की जाने लगी तो एक प्लास्टिक के डिब्बे के अन्दर एक मानव भ्रूण स्केनिंग मशीन में डिटेक्ट हुआ। कार्गो कर्मचारियों द्वारा पैकेट खोले जाने पर उसमें लगभग 7 माह का मानव भ्रूण मिला। यह देख कार्गो कर्मचारियों को होश उड़ गये। आनन फानन इसकी सूचना सीआईएसएफ को देने के साथ ही पुलिस को भी दी गयी। फिलहाल कोरियर कम्पनी का कर्मचारी उक्त डिब्बे तथा भ्रूण के बारे में कोई जानकारी नहीं दे सका। सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि लखनऊ के एक दंपति का भ्रूण जांच के लिए सड़क मार्ग से मुंबई भेजा जाना था, लेकिन कोरियर वालों की गलती से वह एयरपोर्ट पहुंचा दिया गया। फिलहाल मामले की जॉच पड़ताल जारी है। बताते हैं कि दंपति का यह दूसरा भ्रूण है, जो बीच में ही खराब हो गया। ऐसा दो बार से क्यों हो रहा है, इसलिए राजधानी लखनऊ के हजरतगंज स्थित एक आईवीएफ सेंटर द्वारा जांच के लिए मुंबई भेजा जा रहा था। जिससे कि उसका अगला व तीसरा बच्चा ना खराब हो सके।

राजस्व के मुकदमों में दर्ज होंगे पक्षकारों के मोबाइल, बनेगी एसओपी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आने वाले दिनों में लोगों के राजस्व के मुकदमों से जुड़े काम और आसानी से हो पाएंगे। जमीन की पैमाइश हो या दाखिल खारिज। इसके लिए उन्हें मोबाइल पर सूचना मिलेगी। इनके प्रकरणों को निस्तारित करने के लिए अब स्टैण्डर्ड आपरेटिंग प्रोसिजर (एसओपी) भी बनायी जाएगी। धारा 24 यानी पैमाइश की एसओपी को तैयार करने की जिम्मेदारी एसडीएम सदर और धारा 34 की एसओपी की जिम्मेदारी एसडीएम मोहनलालगंज को दी गयी है। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने मंगलवार को राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई में जिलाधिकारी ने राजस्व न्यायलयों में लंबित वादों की सबसे पहले समीक्षा की। इसमें तहसील मलिहाबाद में 5 वर्ष से ऊपर के और 3 वर्ष के ऊपर के शत प्रतिशत वादों का निस्तारण मिला। एक वर्ष से ऊपर के मात्र 26 बाद लंबित मिले। इसके बाद डीएम ने पैमाइश तथा धारा 80 कृषि को आवासीय करने के वादों की भी समीक्षा की। इसमें भी शत प्रतिशत वादों का निस्तारण मिला। जिलाधिकारी ने कहा कि अगले महीने के अंत तक किसी भी न्यायलय में कोई भी वाद टाइम के बाहर पाया गया तो सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई होगी।

सरोजनीनगर तहसीलदार ने 62 मुकदमे दबाए, डीएम ने फटकारा

डीएम सूर्यपाल गंगवार ने तहसीलदारों के न्यायालयों में चल रहे मुकदमों की समीक्षा की। इसमें उन्हें चौंकाने वाली जानकारी मिली। पता चला कि सरोजनीनगर की तहसीलदार आकृति श्रीवास्तव के यहां तीन वर्ष से ऊपर के 62 मुकदमे दबे हैं। पिछली बैठकों में भी इन मुकदमों को दबाया गया था। लखनऊ में तीन वर्ष पुराने सबसे ज्यादा मुकदमे सरोजनीनगर तहसीलदार की कोर्ट में ही दबे मिले। इस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जतायी है। उन्होंने कहा कि सात दिनों में मुकदमे निस्तारित नहीं हुए तो कड़ी कार्रवाई होगी। मुकदमों और आईजीआरएस के निस्तारण में लापरवाही पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सभी अधिकारियों को इसके निर्देश दिए गए हैं। आरसी की तेजी से रिकवरी करायी जा रही है। सूर्यपाल गंगवार, जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पर दर्ज शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया गया है। वादों के निस्तारण के लिए एसओपी तैयार करायी जाएगी।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का फांसी का फंदे से लटकता मिला शव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में मंगलवार को एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान गवां दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्नाव जिले के सोहरामऊ थाना अंतर्गत चौपई गांव में रहने वाली काजोल कश्यप 22 वर्ष की 2 वर्ष पहले सरोजनीनगर के नादरगंज स्थित रामनगर में रहने वाले अजय के साथ शादी हुई थी। अजय मजदूरी करता है और उसके 1 साल की बेटी तुलसी है। बताते हैं कि मंगलवार को अजय जब मजदूरी करने चला गया तो उसके बाद काजोल ने कमरे के अंदर पंखे के हुक से मफलर के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद अजय के परिजनों ने काजल को मृत अवस्था में कमरे के अंदर फांसी पर लटकी देख इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतका के मायके वालों ने काजोल के पति अजय पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि अजय शराब के नशे में काजोल को प्रताड़ित करता रहता था। मंगलवार सुबह काजोल ने फोन करके बताया कि अजय शराब के नशे में उससे काफी लड़ झगड़ रहा था। उसके बाद में वाह काम पर चला गया। थोड़ी देर बाद मोहल्ले वालों से सूचना मिली कि काजोल ने कमरे के अंदर फांसी लगा ली है। उधर सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति का कहना है कि मायके वालों ने अभी सिर्फ फांसी की सूचना दी है। अगर वह किसी के ऊपर आरोप लगाते हुए तहरीर देंगे तो मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन

(मोहनलालगंज कस्बे में हिन्दु सुरक्षा सेवा ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ समेत हिन्दूओ ने किया जोरदार प्रदर्शन, एसडीएम व प्रभारी निरीक्षक को सौंपा ज्ञापन)

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। बांग्लादेश में हिंदुओं पर इस्लामिक कट्टर पंथियों द्वारा किए जा रहे अत्याचार के विरोध में मगंलवार को मोहनलालगंज कस्बे में हिन्दू सुरक्षा सेवा ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा व महानगर अध्यक्ष सचिन शुक्ला ने सैकड़ो पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ के साथ जोरदार धरना- प्रदर्शन किया। बांग्लादेश के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए, हिंदुओं पर अत्याचार बंद करो के साथ स्लोगन लिखे हुए तख्तियों के साथ हिन्दु सुरक्षा सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओ ने तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर वहा भी जमकर नारेबाजी करते हुये प्रदर्शन किया। ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम बृजेश वर्मा व प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह को सौंपा। वहीं इस दौरान हिंदू सुरक्षा सेवा ट्रस्ट के द्वारा हिंदुओं पर अत्याचार को तत्काल रोकने की मांग का गयीं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं तथा अन्य पर इस्लामिक कट्टर पंथियों द्वारा हो रहे अत्याचार के खिलाफ विभिन्न हिंदू संगठन बांग्लादेशी हिंदुओं व अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए उनके साथ खड़े हैं. भारत सरकार ने हिन्दुओ की सुरक्षा सुनिश्चित नही कि तो हिन्दू सुरक्षा सेवा ट्रस्ट पूरे प्रदेश में व्यापक स्तर पर धरना प्रदर्शन करेगा। इस मौके पर अवधेश मिश्रा, मिथिलेश मिश्रा, अजंनी मिश्रा, सूरज मिश्रा, दीपू मिश्रा, अभिषेक दीक्षित, अमित श्रीवास्तव, अभिषेक मिश्रा, जीतू शुक्ला समेत सैकड़ो की संख्या में हिन्दु मौजूद रहे।

धारदार हथियारों से वार कर घायल कर रहे हैं गोवंशों को ग्रामीण

कमालपुर विचलिका गांव की सड़कों पर घूम रहे छुट्टा मवेशियों से परेशान स्कूली बच्चे व ग्रामीण

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ, मोहनलालगंज विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत कमालपुर विचलिका में आवारा पशुओं से स्कूली बच्चों सहित ग्रामीण परेशान हैं किसानों की समस्याएं रुकने का नाम नहीं ले रही है बताते चलें विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत कमालपुर विचलिका में आवारा पशुओं का आतंक जारी है। स्कूल जाते समय छात्रों को, व आते जाते ग्रामीणों को आवारा पशुओं के आतंक से बचने का हर रोज नया तरीका

खोजना पड़ता है। यही नहीं किसानों की फसलों को बर्बाद करने में आवारा पशुओं की मुख्य भूमिका होती है। कई बार आवारा पशु ग्रामीणों पर हमला कर घायल कर देते हैं। सड़कों पर बाइक सवार टकराकर घायल हो रहे हैं। अब तक न जाने कितने लोगों की जान चली गई है एक तरफ किसानों की फसलें बर्बाद हो रही है दूसरी तरफ जान भी खतरे में पड़ी रहती है। किसान अपनी फसलों को बचाने के लिए खेतों में दिन रात पहरा दे रहे हैं लेकिन प्रशासन के पास पशुओं को संरक्षण देने के लिए पर्याप्त इंतजाम होने के बावजूद भी सड़कों पर आवारा घूम रहे हैं सूत्रों के माने तो मोहनलालगंज खंड विकास अधिकारी अपने कार्यालय से निकलकर आवारा पशुओं और गौशालाओं को देखने की जहमत तक नहीं उठाते हैं। जिससे ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त है प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ गौ संरक्षण पर प्रत्येक माह करोड़ों रुपए खर्च कर रहे हैं लेकिन जमीनी स्तर पर आवारा पशुओं से आम जनमानस आज भी परेशान है।

भाजपाइयों द्वारा प्रदर्शन के बाद पुलिस ने दो में से एक मामले की रिपोर्ट दर्ज की

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। भाजपाइयों द्वारा सोमवार को सरोजनीनगर थाने पर घेराव प्रदर्शन के बाद पुलिस ने दो में से एक मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। दर्ज की गई रिपोर्ट में सरोजनीनगर की एक महिला ने बताया है कि उन्नाव जिले के सरवन, कालूखेड़ा निवासी बंसराज बंसल और उनके भाई व चार-पांच अन्य अज्ञात लोग अवैध तरीके से उसके मकान पर कब्जा करने के लिए पहुंचे। वहां पहुंचकर मकान तोड़ने लगे। विरोध करने पर पीड़ित महिला को गंदी नियत से पकड़ लिया और कमरे में खींचने लगे। जब उसने शोर मचाया तो आरोपी उससे जबरदस्ती अश्लील हरकत करने लगे। किसी तरह पीड़िता ने उनके चंगुल से छूटकर पुलिस कंट्रोल रूम 112 पर सूचना दी। तब वहां पुलिस पहुंची। लेकिन तब तक बंसराज बंसल और उनके गुर्गे वहां से भाग निकले। पीड़िता का कहना है कि इससे पहले उन्होंने मकान की दीवार तोड़ दी और जाति सूचक गालियां देते हुए उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता का कहना है कि यह घटना 13 नवंबर की सुबह 10 से 11 बजे के बीच हुई। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। बताते चलें कि दो महिलाओं के मामले को लेकर भाजपाइयों ने सोमवार को सरोजनीनगर थाने पर घेराव प्रदर्शन कर पुलिस पर विपक्षियों से मिली भगत का आरोप लगाया था।

इंस्टाग्राम से दोस्ती कर युवती को झांसे में ले सम्बन्ध बना, बनाई वीडियो

वीडियो फोटो भेज तुड़वाया शादी, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली एक हिन्दू लड़की की दोस्ती इंस्टाग्राम के माध्यम से एक विशेष समुदाय के युवक से हो गई जिसके बाद दोनों में मुलाकात होने लगा इस दौरान सम्बन्ध भी स्थापित हुए और युवक ने युवती का वीडियो बना लिया। जब युवती की शादी तय हुई तो आरोपित ने फोटो वीडियो ससुरालीजनों को भेज शादी तुड़वा दिया तब जाकर मामला परिवारीजनों में उजागर हुआ। पीड़िता ने स्थानीय थाने पहुँच आरोपित के खिलाफ नामजद शिकायत की है पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुटी है। इंस्पेक्टर कृष्णा नगर पी के सिंह के मुताबिक थाना क्षेत्र में रहने वाली एक हिन्दू युवती की दोस्ती इंस्टाग्राम के माध्यम से करीब दो वर्ष पूर्व संत कबीर नगर निवासी मो तारिक पुत्र असिफुल्ला से हुई जिसके बाद आरोपित कई बार लखनऊ युवती से मिलने आया आरोप है कि इस दौरान आरोपित ने होटलो में शारीरिक सम्बन्ध बनाये और चुपके से उसका फोटो वीडियो बना लिया। करीब चार माह से युवती की शादी की बात तय हो रही थी जिसकी जानकारी आरोपित युवक को हो गया और उसने किसी तरह युवती के ससुरालीजनो का नंबर हासिल कर लिया और युवती की बनाई गई फोटो वीडियो ससुरालियों को भेज दिया जिससे युवती की शादी भी टूट गई तब मामले की जानकारी परिवारीजनों को हुई जिसपर युवती ने परिवारीजनों संग सोमवार को कृष्णा नगर थाने पहुँच आरोपित के खिलाफ नामजद शिकायत की है। इंस्पेक्टर कृष्णा नगर के मुताबिक आरोपित का को स्थाई पता नहीं चल सका है फिलहाल पीड़िता की शिकायत पर दुष्कर्म व मारपीट आईटी की धारा में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

संक्षेप

गांव में तांत्रिक की 'तंत्र विद्या' से परेशान होकर ग्रामीण ने लगाई पुलिस से गुहार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।21वीं सदी के दौर में भी अंधविश्वास की जड़ें इतनी गहरी हैं कि लोग भरोसा करते हैं कि तांत्रिक विद्या से किसी का बड़ा अहित किया जा सकता है।ऐसा ही एक मामला फतेहपुर चौरासी थाना पुलिस के पास आया। जिसमें एक दर्जन पीड़ितों ने कहा कि गांव के एक तांत्रिक ने तंत्र विद्या से मोहल्लेवासियों में दहशत का माहौल बना रखा है।थाना क्षेत्र के हाफिजाबाद गांव निवासी अनीस अली ,इरफान,नसीम अली,हनीफ और तौसीफ समेत एक दर्जन लोगों ने आज मंगलवार समय 12 बजे थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि तंत्र से परेशान महिला और बच्चे दहशत में हैं.जब हम लोगों ने इसका विरोध किया तो तांत्रिक द्वारा धमकी दी गई.की ऐसा कर देंगे कि सब बर्बाद हो जाओगे.हालांकि पुलिस मामले जांच पड़ताल में जुटी हुई हैं।

ऑटो ने बाइक सवार मां-बेटे को मारी टक्कर, हालत गंभीर

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के बरुवाघाट गांव के निकट बेकाबू ऑटो ने मंगलवार दोपहर 2 बजे बाइक सवार मां-बेटे को टक्कर मार दी. इस दर्दनाक हादसे में मां बेटे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए.जिन्हें सीएचसी बांगरमऊ ले जाया गया जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया है.जबकि मां जिला अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रही है. इस हादसे के बाद ऑटो चालक मौके से फरार हो गया है. घायल मां बेटे गुरदीन खेड़ा गांव के रहने वाले है. वह अपने पुत्र प्रदीप के साथ बाइक से बांगरमऊ जा रही थी. तभी हाफिजाबाद की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ऑटो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों खून से लथपथ होकर सड़क पर जा गिरे. इस घटना में मां शांति की हालत चिंताजनक बताई जा रही है .फिलहाल घटना की सूचना के बाद पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई हैं।

पूर्व ग्राम प्रधान का हुआ निधन परिजनों मे शोक की लहर

बांगरमऊ, उन्नाव। ब्लॉक गंजमुरादाबाद अंतर्गत ग्राम पंचायत दसगवां के पूर्व प्रधान अचानक आज मंगलवार की सुबह गंभीर रूप से बीमार हो गए। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा रेफर कर देने के बाद परिजन उन्हें सरकारी एंबुलेंस से लेकर कार्डियोलॉजी कानपुर पहुंचे। जहां अस्पताल के गेट पर पूर्व प्रधान ने दम तोड़ दिया।ग्राम पंचायत दसगवां के मौजूदा प्रधान पुष्पेंद्र सिंह के चचेरे बाबा राजेश्वर सिंह 72 वर्ष की आज मंगलवार को सुबह अचानक तबियत बिगड़ गई।परिजन आनन-फानन उन्हें यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों द्वारा जांच करने पर उनका ब्लड प्रेशर अत्यधिक मात्रा में बढ़ा हुआ पाया। यह देखकर चिकित्सकों ने उन्हें कार्डियोलॉजी कानपुर रेफर कर दिया। तब परिजन पूर्व प्रधान को सरकारी एंबुलेंस से लेकर कार्डियोलॉजी कानपुर पहुंचे। जहां अस्पताल के गेट पर ही उनकी मौत हो गई। पूर्व प्रधान की अचानक मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगजनों ने कई मांगो को लेकर सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मगंलवार को विश्व दिव्यांगजन दिवस के मौके पर दिव्यांगजन समुदाय ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट उन्नाव राजीव राज को एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन प्रदेश महासचिव तन्मय श्रीवास्तव द्वारा मुख्यमंत्री के नाम संबोधित किया गया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि दिव्यांगजनों की कई मांगों को लेकर कई बार ज्ञापन प्रेषित किए गए, लेकिन अब तक इन मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि जब तक इन मांगों का समाधान नहीं होगा, दिव्यांगजन दिवस को काला दिवस के रूप में मनाया जाएगा। बता दे कि ज्ञापन में दिव्यांगजन समुदाय की कई महत्वपूर्ण मांगें शामिल थीं, जिनमें सरकारी नौकरियों में आरक्षण, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, और दिव्यांगजनों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की बात कही गई। तन्मय श्रीवास्तव ने बताया कि इस ज्ञापन में दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा के लिए राज्य सरकार से तत्काल कदम उठाने की मांग की गई है। यह है प्रमुख मांगे- मुख्य सेविका पद पर दिव्यांग अभ्यर्थियों का समावेशः प्रदेश महासचिव ने मांग की है कि दिव्यांग अभ्यर्थियों को मुख्य सेविका पद पर चयन प्रक्रिया में शामिल कर नियुक्ति दी जाए। लेखापाल पद पर दिव्यांगजनों की नियुक्ति, इको गार्डन लखनऊ में धरना दे रहे दिव्यांगजनों की तत्काल नियुक्ति करने की मांग की गई है, जो लेखापाल पद पर चयनित हैं। राजस्व विभाग में कार्यरत दिव्यांगजनों का विनियमितीकरणः उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को सजीनल संग्रह अमीन के पदों पर नियमित किया जाए। समाजिक समानता कानूनः दिव्यांगजनों को नौकरी, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा, और सुरक्षा की 100 प्रतिशत गारंटी देने के लिए एक सामाजिक समानता कानून बनाने की मांग की गई। दिव्यांगजन अधिनियम 2016 का पूरा पालनः दिव्यांगजन अधिनियम 2016 को पूरी तरह से लागू करने और इसके प्रचार-प्रसार के लिए सभी सरकारी संस्थाओं में फ्लैक्स बोर्ड लगाने की मांग की गई। सरकारी नौकरियों में दिव्यांगों के लिए आरक्षणः दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण कोटा पूरी तरह से भरा जाए। निःशुल्क इलाज के लिए आयुष्मान कार्डः दिव्यांगजनों को निःशुल्क इलाज की सुविधा प्रदान करने के लिए आयुष्मान कार्ड जारी किया जाए। दिव्यांग पेंशन की वृद्धिः प्रदेश सरकार से मांग की गई है कि दिव्यांगजनों को दी जाने वाली पेंशन राशि 5000 रुपये प्रति माह की जाए, जैसा कि अन्य प्रदेशों में किया जा रहा है। अंत्योदय योजना का लाभः आर्थिक रूप से कमजोर दिव्यांगजनों को अंत्योदय योजना का लाभ दिया जाए। निःशुल्क आवासः दिव्यांग व्यक्तियों को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं के तहत निःशुल्क आवास उपलब्ध कराया जाए। दिव्यांगजनों के आय प्रमाण पत्र की सीमाः दिव्यांगजनों के आय प्रमाण पत्र की सीमा विधवा पेंशन के समान की जाए। फेरी नीति के तहत रोजगारः दिव्यांगजनों को फेरी नीति के तहत दुकान आवंटित की जाए और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएं। दिव्यांग ट्रैफिक वार्डन की नियुक्तिः दिव्यांग व्यक्तियों को यातायात पुलिस विभाग में सरकारी वेतन पर ट्रैफिक वार्डन के रूप में नियुक्त किया जाए। दिव्यांगजन मामलों में रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देशः दिव्यांगजन से संबंधित मामलों, विशेषकर उत्पीड़न और जमीन-मकान से संबंधित मामलों की रिपोर्ट थानों में दर्ज की जाए, जैसा कि दिव्यांगजन अधिनियम 2016 में निर्दिष्ट है। दिव्यांगजन समुदाय का संकल्प- तन्मय श्रीवास्तव ने कहा कि यह ज्ञापन दिव्यांगजन समुदाय की आवाज है और उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि इन मांगों को समय रहते पूरा नहीं किया गया, तो दिव्यांगजन दिवस को काले दिन के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर दिव्यांगजन समुदाय के कई सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने अपनी समर्थन की आवाज उठाई।सिटी मजिस्ट्रेट उन्नाव राजू राज ने ज्ञापन प्राप्त करने के बाद आश्वासन दिया कि वह इस मुद्दे को संबंधित अधिकारियों के पास पहुंचाएंगे और हर संभव प्रयास करेंगे ताकि दिव्यांगजन समुदाय की समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द हो सके।

दुकान में चोरी करते किशोर हुआ सीसीटीवी फुटेज में कैद

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सहजनी चौराहा स्थित एक जलपान गृह में चोरी करते हुए एक किशोर का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है।पुलिस ने उसे पकड़ कर चोरी किए गए सात हजार रुपये बरामद किए। यह घटना दुकान के मालिक लिए एक बड़ा सिरदर्द बनी, लेकिन सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपी किशोर का पता चलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की।गंगाघाट क्षेत्र के सहजनी चौराहा स्थित मुकेश की जलपान गृह नाम से खाने-पीने और मिठाई की दुकान है। बीती रात दुकान बंद होने के बाद, एक किशोर ने दुकान के टीनशेड को हटाकर अंदर घुसने की कोशिश की। दुकान में घुसते ही उसने काउंटर को खोला और उसमें रखे पैसों को ढूंढने लगा। दुकान में किसी को न पाकर किशोर ने दुकानदार के पैसे चुराने की योजना बनाई। काउंटर में रखे पैसे को ढूंढने के बाद किशोर ने उन्हें गिनना शुरू किया, जिसका सीसीटीवी कैमरे में फुटेज रिकॉर्ड हो गया।सीसीटीवी फुटेज में किशोर चोरी करते हुए पूरी तरह से पहचान में आ गया था। चोरी की घटना के बाद, मुकेश ने सीसीटीवी का फुटेज देखा और उसे वायरल कर दिया। जैसे ही यह वीडियो सामने आया क्षेत्रीय लोगों ने किशोर की पहचान करना शुरू कर दिया। वीडियो को देख कर लोग इस घटना को लेकर पुलिस के पास पहुंचे और चोरी करने वाले किशोर के बारे में जानकारी दी।फुटेज के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए किशोर की पहचान की और उसे हिरासत में लिया। पुलिस ने किशोर को उसके घर से पकड़ा और उसे पूछताछ के लिए थाने ले आई। पूछताछ के दौरान किशोर ने चोरी की वारदात कबूल कर ली और बताया कि उसने मुकेश की दुकान से कुल सात हजार रुपये चुराए थे। पुलिस ने किशोर से पूरी तरह से पूछताछ करने के बाद चोरी की रकम बरामद कर ली। किशोर ने बताया कि उसने यह पैसे अपनी जरूरत के लिए चुराए थे, घटना में कुछ अन्य लोग भी शामिल थे पुलिस अब उनकी तलाश कर रही है।

युवक ने किशोरी की आपत्तिजनक फोटो की वायरल

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी की आपत्तिजनक फोटो व ऑडियो पड़ोस गांव के ही युवक के साथ किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दी,वायरल आडियो में युवक किशोरी का आधार कार्ड में कम उम्र बढ़वाने सहित शादी करने की बात कह रहा है, किशोरी की अश्लील फोटो युवक के साथ ग्रुपों पर वायरल होते ही हिंदू संगठन नेता नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी व विश्व हिंदू रक्षा परिषद के प्रदेश मंत्री ओम तिवारी ने कड़ी प्रक्रिया देते हुए प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि लगातार विशेष समुदाय के लोगों के द्वारा हिंदु लड़कियों को बहला फुसला कर उनको फंसा कर उनका शोषण किया जा रहा है, इस तरह आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की,हालांकि वायरल ऑडियो व आपत्ति जनक फोटो की पुष्टि अमन लेखनी समाचार पत्र नहीं करता है।

सीओ संतोष सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है किशोरी के पिता को कोतवाली बुलाया गया था, किसी प्रकार की कोई प्रार्थना पत्र नहीं दिया , अगर प्रार्थना पत्र आता है तो कार्रवाई की जाएगी।

डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। महाकुंभ-2025 के दृष्टिगत गंगा नदी जल की अविरलता एवं निर्मलता सुनिश्चित कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में जिला प्रशासन व औद्योगिक इकाईयों के स्वामियों/प्रतिनिधियों के साथ विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा गंगा नदी बेसिन में स्थित शून्य उत्प्रवाह निस्तारण आधारित औद्योगिक इकाईयों को शून्य उत्प्रवाह निस्तारित करने एवं शेष औद्योगिक इकाईयों को उत्प्रवाह शुद्धिकरण सयंत्र का सतत संचालन सुनिश्चित कराने तथा महाकुंभ मेला की अवधि में निर्धारित रोस्टर के अनुसार शुष्क प्रक्रिया को छोड़कर उत्पादन प्रक्रियाएं बन्द कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होने क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उन्नाव एवं जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति के अन्य अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महाकुंभ के दौरान गंगा नदी जल की अविरलता एवं निर्मलता सुनिश्चित कराए जाने के संबंध शासन द्वारा जो गाइडलाइन जारी की गयी है, उसका अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि महाकुंभ के दौरान गंगा स्नान हेतु प्रमुख पर्व पौष पूर्णिमा, मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या, बसन्त पंचमी, माघी पूर्णिमा एवं महा शिवरात्रि के दिन व उनके तीन दिन पूर्व समस्त उद्योगो में शुष्क प्रक्रिया को छोड़कर अन्य उत्पादन प्रक्रियाएं बन्द रहेगी। उन्होने कहा कि महाकुम्भ के दौरान अनटैप्ड नालों पर बायोरेमिडियेशन की कार्यवाही भी सुनिश्चित करायी जाए। ग्रामीण क्षेत्रों से निकलने वाले प्रदूषित जल व अन्य प्रदूषित पदार्थो को भी गंगा नदी में जाने से रोकने के लिए स्थानीय स्तर की कमेटी गठित करते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा, नगर मजिस्टेट राजीव राज, क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रोहित सिंह, एएसपी प्रेम चन्द्र सहित विभिन्न औद्योगिक इकाईयों के स्वामी/प्रतिनिधि मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ की मासिक बैठक संपन्न

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा चयन वेतन के निर्धारण के संबंध में खंड बेसिक अधिकारी कार्यालय को आदेशित किया गया किंतु जनपद के किसी भी खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शिक्षकों के वेतन का निर्धारण नहीं किया गया जिससे कई मन भी जाने के बाद भी शिक्षकों के चयन वेतनमान का लाभ नहीं मिल पा रहा हैं, और ब्लॉक सुमेरपुर में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कई शिक्षकों जैसे स्नेहलता कनौजिया इमरान आदि द्वारा चयन वेतनमान की पत्रावलियां लंबे समय से लंबित हैं। और इस पर भी विचार किया गया कि यदि 20 दिसंबर तक चयन वेतनमान पर जल्द से जल्द कोई कार्रवाई नहीं होती है तो संगठन धरना प्रदर्शन करने पर विचार कर सकता है। रसोइया मानदेय और कन्वर्जन कॉस्ट भी जल्द से जल्द भेजने के लिए विचार किया गया ।आज की बैठक में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार कनौजिया, , जिला अध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र, जिला महामंत्री अवनीश पाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेद नारायण मिश्र, जिला कोषाध्यक्ष दीपक वर्मा पटेल, उपाध्यक्ष दिलीप अवस्थी, उपाध्यक्ष राकेश बघेल, जिला संयुक्त मंत्री अनिल कुमार वर्मा, जिला लेखाकार चंद्र प्रकाश दीक्षित(सद्धल महाराज) जिला मीडिया प्रभारी एवं विकासखंड बिछिया अध्यक्ष विनीत कुमार बाजपेई, ब्लॉक महामंत्री नवाबगंज अमित शर्मा, सफीपुर महामंत्री जितेंद्र सोनकर, पुरवा अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, पुरवा महामंत्री पवन पांडेय,पुरवा कोषाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह पटेल, अविनाश कुमार पाल और कोषाध्यक्ष मुकेंद्र कुमार , विवेक द्विवेदी ,मियागंज अध्यक्ष शिव कुमार तिवारी समेत अन्य पदाधिकारी रहें..

अवैध अतिक्रमण पर चलाया गया बुलडोजर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज (आरओबी) का काम चल रहा है, जिसके तहत मरहला चौराहे से नया खेड़ा तक पुल के पिलर बनाए जाने हैं। इस निर्माण कार्य के दौरान कई सालों से यहां बसे अवैध अतिक्रमणों को हटाने के लिए प्रशासन ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई की।नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग और राज्य सेतु निगम ने संयुक्त रूप से बुलडोजर चलाया, जिसके परिणामस्वरूप आधा सैकड़ा से अधिक कच्चे और पक्के निर्माण ध्वस्त कर दिए गए।इस अभियान के दौरान दुकानदारों और अधिकारियों के बीच नोकझोंक भी हुई।कई सालों से यहां बसे लोग मरहला चौराहे के पास अपने कच्चे और पक्के निर्माण कर अवैध रूप से दुकानें चला रहे थे। इन अतिक्रमणों के कारण आरओबी निर्माण कार्य में बाधा आ रही थी। प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने के लिए पहले ही कई बार चेतावनी दी थी, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। पांच दिन पहले लोक निर्माण विभाग ने सार्वजनिक घोषणा की थी कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इसके बावजूद लोगों ने अपनी दुकानें और निर्माण नहीं हटाए।नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी, लोक निर्माण विभाग के एई वीरेंद्र कुमार, जेई राम प्रकाश, राज्य सेतु निगम के एई धर्मेंद्र, लेखपाल अशोक सैनी, मुकेश दीक्षित और गंगाघाट कोतवाली पुलिस की मौजूदगी में अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने पहले कच्चे अस्थाई अतिक्रमणों को ध्वस्त किया, लेकिन जब पक्के अतिक्रमणों को हटाने की बारी आई तो लोग विरोध करने लगे। दुकानदारों ने इसकी खिलाफत की, जिसके बाद अधिकारियों को पक्के निमार्णों को ध्वस्त करने में भी संकोच हुआ।लेकिन बाद में बुलडोजर का रुख पक्के मकानों की ओर हुआ और सात पक्के निमार्णों को भी तोड़ दिया गया।मरहला चौराहे के पास पिछले 40 से 50 वर्षों से लोग अवैध रूप से अपना जीवन यापन कर रहे थे। अयोध्या प्रसाद और राजेन्द्र यादव जैसे स्थानीय निवासियों का कहना था कि जब चौराहा एक संकरे रास्ते के रूप में था, तब उन्होंने अपनी दुकानें और घर बनाए थे। समय के साथ इन लोगों की यह बसी-बसाई बस्तियां अब ओवरब्रिज निर्माण के लिए बड़ी बाधा बन चुकी थीं।चेतावनी और नोटिस के बावजूद लोग अपनी दुकानें हटाने को तैयार नहीं थे। जैसे ही बुलडोजर की आवाज सुनाई दी, लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कई दुकानदारों का सामान ध्वस्त हो गया और वे भागते हुए दिखे। बुलडोजर के आगमन के बाद लोग सड़कों पर अपनी दुकानों और निमार्णों को बचाने के लिए इधर-उधर दौड़ते नजर आए

बांग्लादेश में हिंदुओं तथा सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामी कट्टरपंथियों के अत्याचारों के विरोध में राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बांग्लादेश में हिंदुओं सहित सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा किए जा रहे अत्याचारों के विरोध में आज हिंदू संगठनों की ओर से जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि बांग्लादेश में हिंदुओं तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा हमले, हत्या, लूट, आगजनी तथा महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार संपूर्ण मानवता के लिए अत्यंत पीड़ादायक एवं चिंताजनक हैं। वर्तमान की बांग्लादेश सरकार तथा अन्य एजेंसियां जानबूझ कर मूकदर्शक बनी हुई हैं। जिसके परिणाम स्वरूप हिंदुओं व अन्य अल्पसंख्यकों पर शारीरिक, आर्थिक, सामाजिक व धार्मिक शोषण तथा अत्याचार की घटनाओं की बाढ़ सी आ गई है। शांतिपूर्ण प्रदर्शनों में हिंदुओं का नेतृत्व कर रहे इस्कॉन के संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को वहां की वर्तमान सरकार द्वारा जेल भेजना घोर अन्यायपूर्ण है।

विश्व हिंदू परिषद, हिंदू जागरण मंच, ... सहित कई हिंदू संगठनों की ओर से राष्ट्रपति से अनुरोध किया गया है कि बांग्लादेश में हिंदुओं व अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद हो तथा स्वामी चिन्मय कृष्ण दास को कारावास से मुक्त किया जाए। इस समय भारत, वैश्विक समुदाय और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को बांग्लादेश के पीड़ितों के साथ खड़ा होना चाहिए। हिंदू संगठनों ने भारत सरकार से बांग्लादेश में पीड़ितों के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन प्राप्त करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाने की मांग की है। संगठनों ने कहा है कि मुस्लिम कट्टरपंथियों का उद्देश्य बांग्लादेश को एक इस्लामी राज्य में बदलना है जो भविष्य में भारत के लिए बड़ा खतरा बनेगा। बांग्लादेश में कई कट्टरपंथी समूह भारत को विभाजित करने के उद्देश्य से सक्रिय रूप से कम कर रहे हैं। उनका उद्देश्य पूर्वोत्तर राज्यों को भारत से अलग करना है। इन तत्वों को पाकिस्तान और चीन की ओर से भी समर्थन मिल रहा है। ज्ञापन में हिंदू संगठनों में कहा है कि हम सब बांग्लादेश के पीड़ितों के साथ खड़े हैं। साथ ही राष्ट्रपति से अनुरोध किया गया है कि हिंदुओं व अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के हर संभव प्रयास किए जाएं। जिससे पीड़ित हिंदुओं तथा अन्य अल्पसंख्यकों के परिवारों, उनके व्यावसायिक, धार्मिक स्थलों की सुरक्षा हो एवं उनको संरक्षण प्राप्त हो सके। विशाल हिन्दू जन आक्रोश विरोध प्रदर्शन यात्रा की अगुवाई पूज्य संत रामस्वरूप ब्राम्हचारी के साथ एक दर्जन संत कर रहे थे जिसमे प्रमुख रूप से जिला सह विभाग प्रचारक शिव शंकर, जिला खंड कार्यवाह आशीष सिंह नगर कार्यवाह अवनीश, नर सेवा,नारायण सेवा के संस्थापक व प्रखर हिन्दू नेता विमल द्विवेदी, विश्व हिन्दू परिषद के संगठन मंत्री अविनाश, विभाग अध्यक्ष सुरेश पाण्डेय,बजरंग दल कार्यवाहक अध्यक्ष राघुवंशमणि त्रिवेदी, हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, पूर्व मण्डल प्रभारी हिन्दू युवा वाहिनी धीरेन्द्र सिंह, विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष बद्री मिश्रा पूर्व सैनिक सितेश सिंह सहित सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रमुख वा 10 हजार से अधिक संख्या मे हिन्दू उपस्थित रहे !

इनकम टैक्स विभाग ने फैक्ट्री में की छापेमारी, मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। स्तिथ रिमझिम फैक्ट्री में इनकम टैक्स विभाग (क्ळ) की टीम ने छापेमारी की, जिससे पूरे इलाके में हड़कम्प मच गया। आईटी विभाग ने फैक्ट्री की यूनिट में जबरदस्त कार्रवाई की, जिसके कारण यूनिट के बाहर ट्रक, डंपर और ट्रेलर की लंबी कतारें नजर आईं। यह छापेमारी उत्तर प्रदेश के आयकर कमिश्नर के नेतृत्व में की गई, जिसमें 16 सदस्यीय एक विशेष टीम ने कार्रवाई की। सूत्रों के मुताबिक, यह छापेमारी से बीते दिन से शुरू हुई और देर रात तक जारी रही। इस दौरान फैक्ट्री के संचालन को पूरी तरह से रोक दिया गया। मैन्युफैक्चरिंग और ट्रांसपोर्टेशन सभी प्रकार की गतिविधियां निलंबित कर दी गईं। बाहर की ओर जा रहे सभी ट्रकों और वाहनों की सघन जांच की जा रही थी। साथ ही, फैक्ट्री से बाहर जाने वाले कर्मचारियों की भी जांच की जा रही थी।आईटी विभाग के अधिकारियों ने फैक्ट्री के अधिकारियों से पूछताछ शुरू कर दी है। अधिकारियों ने कहा कि यह कार्रवाई संदिग्ध कर्मचारियों और दस्तावेजों की जांच के लिए की जा रही है। अधिकारियों ने फैक्ट्री में काम कर रहे लोगों से भी गहन पूछताछ की।फैक्ट्री में लगी एक टीम ने दस्तावेज, लैपटॉप, मोबाइल फोन, और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को सीज कर लिया। इन सभी उपकरणों को जांच के लिए जब्त किया गया है ताकि कंपनी की वित्तीय गतिविधियों का पूरी तरह से विवरण प्राप्त किया जा सके।उन्नाव के रिमझिम फैक्ट्री में यह छापेमारी ऐसे समय पर की गई है, जब फैक्ट्री का कारोबार चरम पर था और भारी मात्रा में माल का उत्पादन और ट्रांसपोर्टेशन हो रहा था। सूत्रों के मुताबिक, आईटी विभाग की टीम को यह जानकारी मिली थी कि फैक्ट्री में बड़े पैमाने पर कर चोरी की संभावना है, जिसके कारण यह कार्रवाई की गई। इसके साथ ही सेल टैक्स विभाग की एक अलग टीम भी फैक्ट्री के बाहर तैनात रही, ताकि कोई भी दस्तावेज या माल बिना जांच के बाहर न जा सके।छापेमारी के दौरान फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारियों में हलचल मच गई थी। किसी भी वाहन को बिना जांच के बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही थी। फैक्ट्री के अंदर और बाहर, दोनों जगहों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई थी। यह छापेमारी देर रात तक जारी रही और अधिकारियों का कहना था कि कार्रवाई में और भी कई पहलुओं की जांच की जाएगी।यह कार्रवाई उन्नाव की रिमझिम फैक्ट्री में हुए संभावित वित्तीय घोटालों और कर चोरी के मामलों की जांच के संदर्भ में की जा रही है। आईटी विभाग ने स्पष्ट किया है कि जब तक सभी संदिग्ध गतिविधियों का निष्पक्ष रूप से मूल्यांकन नहीं किया जाएगा, तब तक जांच जारी रहेगी।

माखी दुष्कर्म कांड के मुख्य सी०बी०आई० गवाह की सुरक्षा वापस होने के बाद पीड़ित ने डीएम ऑफिस पहुंच कर सुरक्षा देने की करी मांग

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना माखी के सौंदई मजरा के रहने वाले पीड़ित संदीप सिंह ने आज डीएम ऑफिस पहुंच कर डीएम उन्नाव से सुरक्षा दिलाने की मांग की है। बता दे कि पीड़ित माखी दुष्कर्म कांड के सी०बी०आई० के मुख्य गवाह ने आज एसपी ऑफिस पहुंच कर एसपी से सुरक्षा दिलाने की मांग की है पीड़ित ने बताया है कि उसकी सुरक्षा ले ली गई है जिसके चलते उसकी जान माल की सुरक्षा को खतरा है, पीड़ित ने बताया कि उसको अपना घर छोड़ कर दूसरी जगह घर ले कर रहना पड़ रहा है। बताया की आरोपियों की उच्च न्यायलय से रिहाई के बाद उनकी जान का खतरा बढ़ गया है। पीड़ित ने बताया कि उसकी सुरक्षा 19 सितंबर को वापस ले ली गई जिसके चलते पीड़ित की जान माल का खतरा बढ़ गया है। जिसके चलते उसके साथ कोई भी घटना घट सकती है। जिसके चलते आज एसपी ऑफिस पहुंच कर पीड़ित संदीप सिंह ने डीएम से सुरक्षा दिलाने की मांग की है। पीड़ित संदीप ने बताया है कि डीएम ने एसपी को प्रार्थना पत्र भेज कर जांच कराने को बताया है।

अधिवक्ता ने दरोगा पर लगाया वसूली का आरोप, एसपी ने किया लाइन हाजिर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा थाना में तैनात एक दरोगा पर स्थानीय अधिवक्ता ने वसूली का आरोप लगाया गया है। आरोपों के बाद जिले के एसपी दीपक भूकर ने गंभीरता दिखाते हुए दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया। यह कदम एसपी द्वारा प्राप्त शिकायतों और मामले की जांच के बाद उठाया गया।

इस घटना ने एक बार फिर पुलिस विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार की समस्या को उजागर किया है।जानकारी के मुताबिक, असोहा थाना में तैनात दरोगा विनोद कुमार पर आरोप है कि वह थाना क्षेत्र में लोगों से अवैध वसूली कर रहा था। एक स्थानीय अधिवक्ता ने शिकायत की थी कि विनोद कुमार उनके खिलाफ कार्रवाई करने के नाम पर पैसे की मांग कर रहा था।यह आरोप जिले में चर्चा का विषय बन गए, जिसके बाद एसपी दीपक भूकर ने मामले की जांच शुरू कर दी।

जांच के बाद एसपी ने तत्काल प्रभाव से दरोगा विनोद कुमार को लाइन हाजिर कर दिया। एसपी ने कहा कि इस तरह के आरोपों को गंभीरता से लिया जाएगा और किसी भी दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि विभाग की छवि को धूमिल करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

और उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। एसपी दीपक भूकर के यदि किसी पुलिसकर्मी के खिलाफ भ्रष्टाचार या अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के आरोप साबित होते हैं, तो उन्हें विभाग से बर्खास्त भी किया जा सकता है।यह पहली बार नहीं है जब दरोगा विनोद कुमार चर्चा में आए हैं। दरोगा विनोद कुमार पहले भी कई बार विवादों में रहे हैं और विभिन्न थानों से लाइन हाजिर हो चुके हैं। उनके खिलाफ समय-समय पर शिकायतें आती रही हैं, लेकिन इस बार वसूली के आरोप ने मामला और गंभीर बना दिया।

पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार की समस्या लंबे समय से रही है, और यह घटना इस समस्या को और भी स्पष्ट करती है। कई बार ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां पुलिसकर्मी अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल करते हुए लोगों से अवैध पैसे वसूलते हैं। यह घटना न केवल पुलिस विभाग की छवि को प्रभावित करती है, बल्कि जनता के बीच भी पुलिस के प्रति विश्वास को कमजोर करती है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हरियाणा के बाद महाराष्ट्र चुनव के नतीजे के बाद ईवीएम पर सवाल उठाते हुए ऐलान किया है कि कांग्रेस देश भर में नो ईवीएम यात्रा करेगी। सांसद राहुल गांधी कांग्रेस में जान फूंकने के लिए दो बार पदयात्रा कर चुके हैं, इसके बाद चुनावों में नतीजे पार्टी के मुफीद नहीं हैं। हार पर मंथन के लिए कांग्रेस की बैठक में गंभीर चिंतन के रूप में इतना कहा गया है कि कांग्रेस को हर स्तर पर व्यापक बदलाव की जरूरत है, इस बदलाव की रूपरेखा प्रस्तुत नहीं की गई, इस बीच खरगे ने ईवीएम के खिलाफ अभियान चलाने के लिए एक और यात्रा का ऐलान कर दिया है। क्या कांग्रेस अपनी हर की असली वजहों का सामना नहीं करना चाहती है और ईवीएम का बहाना ढूंढ़ रही है या कांग्रेस अपने परिवार के नेता राहुल गांधी की चुनावी नाकामी पर खुलकर बात नहीं करना चाहती है, इसलिए ईवीएम का राग छेड़ कर विचार-विमर्श की दिशा बदल देना चाहती है। अध्यक्ष के रूप में क्या खरगे अपनी भूमिका का आंकलन कर पा रहे हैं? सवाल है कि 'नो ईवीएम' यात्रा से कांग्रेस अपनी जमीनी स्थिति बदल पाएगी? जैसे दो पदयात्राओं से खास हासिल नहीं हुआ? कांग्रेस ने अपने शासनकाल में ईवीएम का प्रयोग बंद क्यों नहीं किया, ईवीएम हैक के सबूत कभी आयोग को क्यों नहीं दिए? इसी विषय पर केंद्रित आजकल का यह अंक...

अब 'नो ईवीएम' यात्रा के भरोसे कांग्रेस

दो टूक
रवि शंकर
स्वतंत्र पत्रकार

कांग्रेस ने एक बार फिर मतपत्रों की वापसी की मांग उठाई है। पार्टी ने इसके लिए देशव्यापी अभियान चलाने का ऐलान किया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हम चाहते हैं कि बैलेट पेपर से ही चुनाव हो और इसके लिए हम भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज पर पूरे देश में नो ईवीएम अभियान चलाएंगे। चुनाव के नतीजे आने पर हारने वाली पार्टी ईवीएम पर सवाल खड़े करती है, ताकि वह जनता का ध्यान अपनी हार से हटा सके। कई देशों में अभी भी बैलेट पेपर से चुनाव होते हैं, जिससे पार्टियां इसे एक विकल्प के रूप में पेश करती रहती हैं और ईवीएम पर सवाल उठाती हैं। हारी हुई पार्टियां दावा करती हैं कि सत्ता में रहने वाली पार्टी ईवीएम को हैक करके परिणाम अपने पक्ष में लाती है।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की हार के बाद ईवीएम पर सवाल उठाना एक बार फिर से चर्चा का विषय बन गया है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि चुनावों में गड़बड़ी और पारदर्शिता की कमी रही है। कांग्रेस ने एक बार फिर मतपत्रों की वापसी की मांग उठाई है। पार्टी ने इसके लिए देशव्यापी अभियान चलाने का ऐलान किया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हम चाहते हैं कि बैलेट पेपर से ही चुनाव हो और इसके लिए हम भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज पर पूरे देश में 'नो ईवीएम' अभियान चलाएंगे। अक्सर देखा जाता है कि चुनाव के नतीजे आने पर हारने वाली पार्टी ईवीएम पर सवाल खड़े करती है, ताकि वह जनता का ध्यान अपनी हार से हटा सके। कई देशों में अभी भी बैलेट पेपर से चुनाव होते हैं, जिससे पार्टियां इसे एक विकल्प के रूप में पेश करती रहती हैं और ईवीएम पर सवाल उठाती हैं। हारी हुई पार्टियां दावा करती हैं कि सत्ता में रहने वाली पार्टी ईवीएम हेरफेर करके परिणाम अपने पक्ष में लाती है, जिससे ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए जाते हैं।

हार का ठीकरा फोड़ने का बहाना ईवीएम

ईवीएम को लेकर आरोप-प्रत्यारोप कांग्रेस के भी रहे हैं, बीजेपी के भी रहे हैं और क्षेत्रीय दलों के नेताओं ने भी लगाए हैं। इसे विडंबना ही कहेंगे कि कमोबेश सभी राजनीतिक दलों ने इस पर सवाल उठाए हैं, मगर जब इन्हीं मशीनों से उनके खाते में जीत आती है, तो वे अपनी गलतबयानी को स्वीकारते नहीं, चुप्पी साध लेते हैं। जबकि ईवीएम तो एक इलेक्ट्रॉनिक मशीन है, जो सभी दलों के नेताओं के साथ समान व्यवहार करती है, किन्तु हारे हुए उम्मीदवारों की ओर से इसे बदनाम किया जाता है। सवाल ये है कि क्या वास्तव में ईवीएम ऐसी बला है जो मनचाहे नतीजे निकाल सकती है या ये राजनीतिक दलों की सिर्फ हार की कुंठा है? अब तक कई विशेषज्ञ कह चुके हैं कि ईवीएम से कोई छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है, लेकिन चुनाव हारने वाली विपक्षी पार्टियां सारा दोष ईवीएम पर डाल देती हैं। अगर चुनाव जीत जाती हैं, तो ईवीएम पर कोई सवाल नहीं उठता है। ईवीएम बस हार का ठीकरा फोड़ने का एक बहाना बन चुका है। लेकिन ईवीएम पर बार-बार प्रश्न उठाना लोकतंत्र के हित में नहीं है। इससे मतदाता के दिमाग में भी सवाल उठते हैं। ईवीएम को लेकर इस तरह की बातें नहीं होनी चाहिए। ईवीएम पर संदेह करने के बजाय हारे हुए प्रत्याशियों को स्वयं पर संदेह करना चाहिए और बेहतर विचारधारा और जनसेवा की ओर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

ईवीएम का विवाद नया नहीं, पुराना है

वैसे, ईवीएम का ये विवाद देखा जाए तो नया नहीं है। इससे पहले गाहे बगाहे विभिन्न चुनावी मौकों पर राजनीतिक दल

और नेता, इसके जरिए फर्जी मतदान की आशंका जता चुके हैं। ऐसा नहीं है कि ईवीएम पर पहली बार सवाल खड़े हुए हैं। जब 2009 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी गठबंधन को कांग्रेस गठबंधन से हार मिली थी तब पार्टी के प्रधानमंत्री उम्मीदवार लालकृष्ण आडवाणी ने ईवीएम पर सवाल उठाए थे। बीजेपी नेता और सेफोलॉजिस्ट जीवीएल नरसिम्हा ने तो ईवीएम की त्रुटियों पर पूरी किताब ही लिख दी, जिसकी भूमिका खुद आडवाणी ने लिखी थी। उस समय बीजेपी ने बाकायदा ईवीएम के खिलाफ अभियान चलाया था। हालांकि, चुनाव आयोग स्पष्ट तौर से कह चुका है कि जिन देशों में ईवीएम विफल साबित हुए हैं, उनसे भारतीय ईवीएम की तुलना 'गलत और भ्रामक' है। आयोग ने कहा, दूसरे देशों में पर्सनल कम्प्यूटर वाले ईवीएम का इस्तेमाल होता है जो ऑपरेटिंग सिस्टम से चलती हैं, इसलिए उन्हें हैक किया जा सकता है, जबकि भारत में इस्तेमाल किए जाने वाले ईवीएम एक पूरी तरह स्वतंत्र मशीन होते हैं और वो किसी भी नेटवर्क से नहीं जुड़े होते और न ही उसमें अलग से कोई इनपुट डाला जा सकता है। भारतीय ईवीएम मशीन के सॉफ्टवेयर चिप को केवल एक बार प्रोग्राम किया जा सकता है।

कांग्रेस को सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा नहीं

आश्चर्य ये है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को सुप्रीम कोर्ट पर भी भरोसा नहीं है, जो बार-बार कह रहा है कि चुनाव जीतने पर चुप्पी और हारने पर ईवीएम को दोष देना ठीक नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग करने वाली एक जनहित याचिका खारिज करते हुए कहा कि चंद्रबाबू नायडू और जगन मोहन रेड्डी जैसे नेता चुनाव हार जाते हैं तो वे ईवीएम को दोषी ठहराते हैं। पर, जब वे जीत जाते हैं तब उन्हें ईवीएम में कोई खराबी नजर नहीं आती। सुप्रीम कोर्ट ने माना कि ईवीएम की वजह से बूथ कैप्चरिंग और फर्जी मतदान की समस्याओं से निजात मिली है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर सवाल उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट और कई हाईकोर्ट में करीब 42 याचिकाएं दायर की गई हैं और सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार कहा है कि ईवीएम प्रामाणिक, भरोसेमंद और छेड़छाड़-रहित है। मशीनों से छेड़छाड़ या हैकिंग को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों को लेकर 29 नवंबर को लोकसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि निर्वाचन आयोग (ईसी) के अनुसार, ईवीएम एक 'स्टैंडअलोन' मशीन है जिसमें रेडियो फ्रीक्वेंसी संचार क्षमता नहीं है, इसलिए ये वायरलेस, ब्लूटूथ और वाई-फाई के माध्यम से संचार नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि मशीन किसी भी छेड़छाड़ या हेरफेर को रोकने के लिए इलेक्ट्रॉनिक रूप से सुरक्षित है। इसमें कई तकनीकी सुरक्षा विशेषताएं शामिल हैं।

कांग्रेस राज में शुरू हुई ईवीएम से वोटिंग

कांग्रेस को अब ईवीएम में खराबी नजर आती है, लेकिन पार्टी यह भूल जाती है कि वोटिंग की यह नायाब प्रक्रिया उसी के शासन काल में शुरू हुई थी। कांग्रेस के शासन काल में पहली बार ईवीएम से मतदान कराया गया था। कहीं बूथ कैप्चरिंग की शिकायतें आती थीं तो कहीं मतपत्र लूट लिए जाते थे। इस क्रम में खून-खराबा और मार-पीट की घटनाएं भी खूब होती थीं। चुनाव में हिंसा का आलम ये होता था कि चुनाव ड्यूटी लगने की खबर से ही कर्मचारियों के पसीने छूटने लगते थे।

जीतने पर कोई ईवीएम को दोष नहीं देता

सुप्रीम कोर्ट ही नहीं, आम आदमी को भी ये सुनकर आश्चर्य होता है कि जब कांग्रेस या विपक्षी पार्टियां जीतती हैं तो उन्हें ईवीएम में कोई खराबी नजर नहीं आती। ईवीएम से वोट डालने की प्रक्रिया बीजेपी के शासन काल में शुरू नहीं हुई। अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल को छोड़ दिया जाए तो दूसरी बार देश की सत्ता बीजेपी के हाथ 2014 में आई। जब तक कांग्रेस और विपक्षी पार्टियां जीतती रहीं, उस दौरान ईवीएम के बदले बैलेट पेपर से चुनाव कांग्रेस सरकार ने नहीं करवाए। 2014 से कांग्रेस जब हार रही है तो उसे ईवीएम में खोट नजर आने लगी। अपनी हार को कांग्रेसी या गैर-भाजपा दल बीजेपी की चाल बताने में तनिक भी संकोच नहीं करते। इस साल हुए लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में वादा किया था कि सरकार बनने पर ईवीएम के बेहतर इस्तेमाल पर ध्यान दिया जाएगा। यानी सीधे-सीधे कांग्रेस ने ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से वोटिंग कराने की बात कही। अब पार्टी बैलेट पेपर से मतदान कराने के लिए अभियान छेड़ने की बात कह रही है।

बैलेट पेपर में पैसे और समय की बर्बादी

सेंटर फार मीडिया स्टडीज की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2019 में हुआ देश का आम चुनाव दुनिया में सबसे अधिक खर्चीला था। 2019 में प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में तकरीबन 100 करोड़ रुपये खर्च का अनुमान सीएमएस ने लगाया था। आंकड़ों का विश्लेषण करें तो उस साल पड़े हर वोट पर 700 रुपये खर्च हुए। सीएमएस प्रमुख कहते हैं कि यदि 2024 में सभी स्तरों पर होने वाले चुनाव के खर्च अनुमान लगाएं तो यह 10 लाख करोड़ रुपये बैठता है। भारत जैसे देश के लिए इतना खर्चीला चुनाव नुकसानदेह है।

शायद यही वजह है कि नरेंद्र मोदी की सरकार वन नेशन, वन इलेक्शन की बात पर जोर दे रही है। विपक्ष बार-बार यह तर्क देता है कि कई देशों में अब भी बैलेट पेपर से चुनाव हो रहा है। भारत में ईवीएम से मतदान कराने में गड़बड़ी की आशंका है। विपक्ष इसके लिए जर्मनी, जापान, नीदरलैंड, आयरलैंड और इंग्लैंड जैसे कई देशों के नाम गिनाता है। तर्क देते समय विपक्ष भूल जाता है कि 140 करोड़ आबादी वाले भारत में अभी तकरीबन 97 करोड़ से ज्यादा वोटर हैं। जिन देशों का विपक्ष हवाला देता है, उनकी आबादी भारत के मुकाबले कितनी है, यह सबको पता है। भारत में बैलेट पेपर से वोटिंग हुई तो मतपत्रों को गिनने में ही पसीने छूट जाएंगे।

कई देशों में आज भी नहीं होता ईवीएम का इस्तेमाल

बात चाहें जो भी हो, लेकिन इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि ईवीएम में छेड़खानी करने के लिए किसी रॉकेट साइंस की जरूरत नहीं है। हालांकि ये बात सच है कि दुनिया के विकसित और कई विकासशील देशों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की जगह बैलेट पेपर को ही प्राथमिकता दी जाती है। जर्मनी और नीदरलैंड ने पारदर्शिता के अभाव में ईवीएम के इस्तेमाल पर रोक लगा दी। इटली को भी लगता है कि ईवीएम से नतीजे प्रभावित किए जा सकते हैं। आयरलैंड ने तीन सालों तक ईवीएम पर शोध में पांच करोड़ 10 लाख पाउंड खर्च करने के बाद इनके इस्तेमाल का ख्याल छोड़ दिया। अमेरिका समेत कई देशों में बिना पेपर ट्रेल वाले ईवीएम पर रोक है। यू कहें कि अमेरिका में 50 में से सिर्फ पांच राज्य में ही ईवीएम का इस्तमाल होता है, बाकी हर राज्य में बैलेट से मतदान होता है। यूरोप के कई देशों में मतदान बैलेट से ही होता है। हालांकि इन सभी देशों में मतदाताओं की संख्या भारत की तुलना में बहुत कम है। चुनाव में होने वाले खर्च धन, समय और ऊर्जा के मामले में भी यही हाल है। जिस तरह से ईवीएम को लेकर अफवाहें फैल रही हैं उसे लेकर कुछ किया जाना चाहिए। आयोग को दो-चार पंक्ति के बयान से आगे जाकर कुछ करना चाहिए ताकि जनता के बीच ऐसे सवालों के लिए जगह नहीं बचे। कुल मिलाकर कोशिश ये होनी चाहिए कि देश में चुनाव प्रणाली को और पारदर्शी बनाया जाए। इसके लिए राजनीतिक दलों को मिलकर कोशिश करनी चाहिए, न कि अपनी हार पर ईवीएम खराब है का आरोप लगाकर राजनीति करनी चाहिए। आयोग के सामने कोई भी दल ईवीएम हैक करने की बात साबित नहीं कर सका है। ईवीएम को लेकर बेशक कांग्रेस देशव्यापी अभियान चलाए, पर अपनी हार का असली कारण ढूंढ़े।

पिटी हुई लकीर को ही पीट रही कांग्रेस

ईवीएम सियासत
उमेश चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक समीक्षक

एक कहावत है, चित भी मेरी, पट भी मेरी और अंटा मेरे बाप का। पिछले कुछ साल से ईवीएम को लेकर विपक्षी दलों का रवैया भी कुछ ऐसा ही है। अब ईवीएम विरोधी राग में अपना सुर उस कांग्रेस का नेतृत्व भी मिलाने लगा है, जिसके राज में ईवीएम के जरिए चुनाव होना शुरू हुआ। 2009 के आम चुनाव में पहली बार ईवीएम का इस्तेमाल शुरू हुआ। यह बताने की जरूरत नहीं कि उस चुनाव में 2004 की तुलना में कांग्रेस की अगुआई वाले राष्ट्रीय प्रगतिशील गठबंधन यानी यूपीए को बड़ी जीत हासिल हुई थी। तब ईवीएम पर बीजेपी के तत्कालीन थिंक टैंक के कुछ लोगों ने वैसा ही आरोप लगाया था, जैसा आज कांग्रेस समेत विपक्ष लगा रहा है।

कांग्रेस का देशव्यापी अभियान

ईवीएम की बजाय बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग को लेकर चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर दबाव बनाने को लेकर देशव्यापी यात्रा करने को लेकर कांग्रेस सोच रही है। महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनावों के बाद हुई कांग्रेस कार्यसमिति की पहली बैठक में कांग्रेस की महासचिव और नव निर्वाचित सांसद प्रियंका गांधी ने जिस तरह ईवीएम का विरोध जताया, उससे लगता है कि कांग्रेस ईवीएम को चुनाव प्रक्रिया से हटाने के लिए आखिरी लड़ाई लड़ने का मूड बना चुकी है। कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में प्रियंका ने कहा कि हमें यह तय करना होगा कि बैलेट पेपर ही चुनाव का एक मात्र रास्ता है, कोई बीच का रास्ता नहीं है। प्रियंका भले ही मल्लिकार्जुन खरगे के नीचे कांग्रेस की महासचिव हैं, लेकिन वह गांधी-नेहरू परिवार का हिस्सा हैं। वह ऐसी महासचिव हैं, जिसकी बात काटने की हिम्मत कांग्रेस अध्यक्ष शायद ही दिखा पाएं। अगर राहुल गांधी की सहमति मिली, जिसकी संभावना ज्यादा है तो तय है कि कांग्रेस ईवीएम के सवाल पर देशव्यापी अभियान पर निकल सकती है। ईवीएम विरोधी नैरेटिव में कांग्रेस का मददगार प्रगतिशील वामपंथी वैचारिक खेमा बड़ा सहयोगी है। इस खेमे के यूट्युबिया पत्रकार भी ईवीएम विपक्षी दलों के नैरेटिव को बढ़ावा देने में सक्रिय हैं। उनकी लाख कोशिशों के बावजूद ईवीएम विरोधी माहौल नहीं बन पा रहा है। आम मतदाता और नागरिक विपक्षी हार के पीछे ईवीएम केंद्रित षड्यंत्र को स्वीकार नहीं कर पा रहा है। ईवीएम विरोधी मानस बनाने की कोशिश केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार के स्थापित होने के बाद शुरू हुई। दिलचस्प यह है कि मोदी के उभार के बाद ही कांग्रेस और उसका साथी विपक्ष मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, पंजाब, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और झारखंड के विधानसभाओं में जीत हासिल कर चुका है। ईवीएम विरोधी नैरेटिव के शुरुआत के बाद पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी दो-दो, दिल्ली में केजरीवाल दो-दो चुनाव और बिहार में 2015 का चुनाव बीजेपी विरोधी खेमा जीत चुका है। पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी बहुमत के आंकड़े से तैंतीस सीटें पीछे रह गई। अगर ईवीएम विरोधी नैरेटिव को एक बार के लिए सही मान लिया जाए तो यह स्वीकार करना पड़ेगा कि इन राज्यों को ईवीएम समर्थक बीजेपी कम महत्वपूर्ण मानती है, इसीलिए उसने तश्तरी में इन राज्यों को पेश करते हुए विपक्षी दलों को समर्पित कर दिया। ईवीएम विरोधियों के लिए लोगों को यह समझाना आसान नहीं लग रहा कि ईवीएम का अपने लिए इस्तेमाल करने वाली बीजेपी आखिर खुद क्यों बहुमत से दूर हो गई? दरअसल इन्हीं तथ्यों की बुनियाद वह पेच है, जिसकी वजह से ईवीएम विरोधी राष्ट्रव्यापी व्यापक माहौल नहीं बन पा रहा है।

ईवीएम विरोधी नैरेटिव

अदालत का भी इस नैरेटिव को बढ़ावा देने की राह का सहभागी बनाने का प्रयास हुआ। महाराष्ट्र और झारखंड के नतीजों के बाद ईवीएम के खिलाफ देश की सबसे बड़ी

अदालत में याचिका दायर कर दी गई। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे न सिर्फ खारिज कर दिया, बल्कि यह भी कहा कि ईवीएम से जब विपक्ष जीतता है तो सवाल क्यों नहीं उठते। एक तरह से अदालत इस प्रक्रिया में भागीदार बनने से इनकार कर चुकी है। कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में प्रियंका गांधी के ईवीएम विरोधी रुख के खिलाफ पार्टी के दो नेता बताए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि कार्यसमिति की बैठक में शशि थरूर और पी चिदंबरम ने इसका विरोध किया। वे प्रियंका की राय से सहमत नहीं दिखे। कांग्रेस के इन दोनों नेताओं की बौद्धिक साख है।

अपनी कमियों की ओर झांकना होगा

इन दोनों का इसका विरोध करने का मतलब है कि वे भी मानते हैं कि अपनी हार के लिए सिर्फ ईवीएम को दोष देना ठीक नहीं, बल्कि अपनी कमियों की ओर भी झांकना होगा। दरअसल कांग्रेस का असल संकट यह है कि वे अपनी कमियों की ओर झांक नहीं पा रही है। कई बार ऐसा लगता है कि या तो वह अपनी गलतियों की पहचान नहीं कर पा रही है या फिर उनकी ओर से जानबूझकर आंखें मूंदे पड़ी है। शायद यही वजह है कि वह अपनी कमियों और उनकी बुनियाद में नहीं जा पा रही है। इसकी बजाय वह ईवीएम पर ठीकरा फोड़ रही है। एक दौर था कि यात्राएं किसी भी राजनेता को जननेता बनाने में बड़ी भूमिका निभाती थीं। दांडी यात्रा ने गांधी को ख्याति और महत्ता को और व्यापक बनाया। आजादी के बाद विनोबा की संत ख्याति को बढ़ाने में उनकी भूदान यात्रा ने बड़ा योगदान दिया। बाद के दिनों में चंद्रशेखर को जननेता के रूप में स्थापित करने में उनकी 'भारत यात्रा' ने बड़ी भूमिका निभाई। इसी सदी की शुरुआत में आंध्र प्रदेश के नेता वाई राजशेखर रेड्डी ने राज्यव्यापी यात्रा की और लगभग अजेय समझे जाने वाले चंद्रबाबू नायडू की सरकार को 2004 में ऐसा उखाड़ फेंका। इसी यात्रा के सहारे कांग्रेस की केंद्रीय सत्ता में वापसी हुई थी। इसी कड़ी में राहुल गांधी की दो-दो यात्राओं को देखिए। पहले उन्होंने 'भारत जोड़ो यात्रा' और बाद में 'मणिपुर से मुंबई तक की यात्रा' की।

यात्राओं का चुनावी फायदा

महाराष्ट्र जैसे कुछ अपवादों को छोड़ दें तो इन यात्राओं का चुनावी फायदा उठा पाने में कांग्रेस नाकाम रही। कायदे से होना यह चाहिए था कि कांग्रेस गंभीरता से विचार करती कि किन वजहों से वह चुनावी फायदा उठाने में कामयाब नहीं हुई, तो उसने ईवीएम पर ठीकरा फोड़ दिया। उसके इस ठीकरा फोड़ अभियान में उसके वैचारिक सहयोगी शामिल हो गए। कांग्रेस की कमी यह है कि वह फूंके हुए कारतूस बन चुके अपने नेताओं और छद्म नैरेटिव पर चुनावी राजनीति को केंद्रित करने की कोशिश कर रही है। उसके पुराने नेता अपने दौर में भले ही ताकतवर और गंभीर रहे हों, लेकिन बदले हुए हालात और राजनीति में वे अप्रासंगिक हो गए हैं। लेकिन कांग्रेस उन्हीं पर भरोसा कर रही है। कई बार ऐसा लगता है कि वह दबाव में आ जाती है और उन्हें ही आगे कर देती है। ये नेता स्व का फायदा ज्यादा देखते हैं, कांग्रेस का लाभ कम।

वाम वैचारिक नैरेटिव प्रतिकूल

अज्ञेय के शब्दों में कहें तो उपमान मैले हो गए हैं, कुछ इसी तरह कांग्रेस के पुराने नेताओं के राजनीतिक औजार पुराने हो गए हैं। इसलिए वे तो मात खाते ही हैं, कांग्रेस को भी पिछड़ने के लिए मजबूर कर देते हैं। कांग्रेस के आला नेतृत्व, जिसमें राहुल और प्रियंका हैं, उनका भरोसा वाम वैचारिक नैरेटिव पर ही ज्यादा है। हकीकत यह है कि यह नैरेटिव भारतीयता की धारा के सर्वथा प्रतिकूल है। वाम राजनीति का लगातार पिछड़ते रहना इसका स्पष्ट उदाहरण है। अव्वल तो होता यह कि इन कमियों के साथ ही कुछ और की ओर कांग्रेस और उसका आलाकमान देखता और अपने सियासी विस्तार की बुनियाद इन पर बनाता। लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा।

ईवीएम के खिलाफ अभियान इसी वैचारिकी का विस्तार लगता है। इसका राजनीतिक फायदा न होना है और न होगा। कांग्रेस जितनी जल्दी इस तथ्य को समझेगी, उतनी ही जल्द वह आगे बढ़ने की राह खोज लेगी। हालांकि ऐसा होता कम से कम अभी तो नहीं ही दिख रहा है। कांग्रेस की मौजूदा चाल पिटी हुई लकीर को पीटना ही कहा जा सकता है, कुछ और नहीं।

एड्स के इलाज की बढ़ी उम्मीदें

दिवस विशेष
श्वेता गोयल
(लेखिका शिक्षण क्षेत्र से हैं)

जब 1981 में पहली बार न्यूयार्क और कैलिफोर्निया में पांच समलैंगिक युवकों में एड्स के लक्षण देखे गए थे, तब किसी ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि आने वाले दशकों में यह बीमारी किस हद तक एक जानलेवा बीमारी के रूप में हर साल लाखों लोगों के लिए काल बन जाएगी। हालांकि शुरुआती कुछ समय तक इसे समलैंगिकों की एक बीमारी माना जाता रहा और फिर इसे असुरक्षित यौन संबंधों से पैदा होने वाला रोग माना गया। बाद के वर्षों में वैज्ञानिक शोधों से पता चला कि इस जानलेवा बीमारी का कारण केवल असुरक्षित यौन संबंध ही नहीं हैं बल्कि यह एचआईवी संक्रमित रक्त उत्पाद, संक्रमित सुई या सीरिंज, संक्रमित मां से बच्चे में तथा कुछ अन्य कारणों से भी फैलती है। 1990 के दशक तक इस बीमारी को लेकर लोगों में दहशत देखने को मिलती थी किन्तु एड्स को लेकर फैली भ्रांतियों को लेकर सरकार द्वारा चलाए गए अभियान का ही असर रहा कि अब इस बीमारी को लेकर लोगों में पहले की भांति दहशत व्याप्त नहीं दिखती, वहीं एड्स के मरीजों की संख्या में भी गिरावट दर्ज की जाने लगी है।

4 करोड़ एचआईवी पॉजिटिव

एक रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि 1980 के दशक में एड्स महामारी शुरू होने के बाद करीब 8 करोड़ लोगों में इसका वायरस फैल चुका है। दुनियाभर में लगभग 4 करोड़ लोग एचआईवी पॉजिटिव हैं। हालांकि 'ग्लोबल हैल्थ' की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि एंटीरेट्रोवायरल उपचार लेने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि हो रही है और इस वायरस से मरने वाले लोगों की संख्या में प्रतिवर्ष कमी आ रही है लेकिन फिर भी एचआईवी से संक्रमित होने वालों की संख्या अभी भी हर साल डेढ़ मिलियन से ज्यादा है। एड्स को लेकर यह अभी भी चिंताजनक स्थिति है। एचआईवी (ह्यूमन इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस) एक ऐसा एंटी वायरस है, जो शरीर की रोग प्रतिरक्षा प्रणाली पर प्रहार करते हुए शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता को कम या नष्ट कर देता है। यही एड्स का कारण बनता है और रोगी मौत की ओर खिंचा चला जाता है। यह वायरस शरीर की श्वेत कोशिकाओं को नष्ट कर देता है, जिनमें उच्च आनुवंशिक परिवर्तनशीलता का गुण है। अब इस भयावह बीमारी के उपचार की दिशा में क्रांतिकारी कार्य हो रहे हैं।

'किल स्विच' से आस

फिलहाल एचआईवी संक्रमित मरीज को जीवनभर दवाएं लेनी पड़ती हैं और

इस वायरस को निष्क्रिय करने के लिए एंटीरेट्रोवायरल थैरेपी का सहारा लिया जाता है लेकिन इस उपचार पद्धति में परेशानी यह है कि इस थैरेपी के बंद होने के बाद एचआईवी वायरस पुनः सक्रिय हो जाता है और पहले के मुकाबले और भी तेजी से बढ़ता है। इसलिए एंटीरेट्रोवायरल थैरेपी के अलावा कुछ और ऐसे उपचार खोजने में भी शोधकर्ता जुटे हैं, जिनसे इस बीमारी को जड़ से खत्म करने में मदद मिले। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं द्वारा एक ऐसा आणविक 'किल स्विच' खोजा गया है, जो एड्स का कारण बनने वाले वायरस से संक्रमित कोशिकाओं के रिप्रोडक्शन का पूरी तरह खात्मा करेगा।

शोधकर्ता एड्स की बीमारी के इलाज की दिशा में इसे एक बड़ी सफलता मान रहे हैं और उनका कहना है कि कोशिकाओं में निष्क्रिय पड़े वायरस को नष्ट करने के लिए इस किल स्विच को नियंत्रित किया जा सकता है। इस शोध के दौरान प्रयोगशाला में इंसानों की कोशिकाओं पर हुए परीक्षण में वैज्ञानिकों ने पाया कि एक विशेष मॉलीक्यूल को नियंत्रित करके निष्क्रिय एचआईवी कोशिकाओं को नष्ट किया जा सकेगा। प्रमुख अध्ययनकर्ता डा. तारिक राना का कहना है कि इस शोध में मिली सफलता के जरिये एड्स को जड़ से खत्म करने में मदद मिल सकेगी। हालांकि उनका यह भी कहना है कि अभी इस दिशा में और भी अध्ययन किए जाने की आवश्यकता है।

यूनिवर्सल वैक्सीन बनेगी

अमेरिकी शोधकर्ताओं ने भी एड्स से लड़ने के लिए कुछ समय पहले एक टीके के सफल परीक्षण का दावा किया है। दावे के मुताबिक दक्षिण अफ्रीकी लोगों पर किए गए परीक्षण के नतीजे काफी संतोषजनक रहे हैं। वाशिंगटन के सिएटल स्थित एचआईवी वैक्सीन ट्रायल नेटवर्क के इन शोधकर्ताओं का कहना है कि एचआईवी मामले में अब जल्द ही यूनिवर्सल वैक्सीन को विकसित किया जा सकेगा। शोधकर्ताओं ने सौ लोगों के समूह पर इस टीके का परीक्षण किया और पाया कि इन लोगों के शरीर ने ऐसी प्रतिरक्षा कोशिकाओं का बहुत बड़ी संख्या में उत्पादन किया, जिन्हें शरीर एड्स पैदा करने वाले वायरस से लड़ने के लिए इस्तेमाल करता है। इस टीके से शरीर ने एचआईवी और एड्स से 31 फीसदी से भी ज्यादा दर से बचाव और मुकाबला किया। शोध का नेतृत्व करने वाले डा. लैरी कोरी का कहना है कि इस टीकाकरण से एचआईवी के कई प्रकार के स्ट्रेन्स से बचा जा सकता है।

संतोषजनक परिणाम मिले

शोध के दौरान 21 वर्ष की औसत आयु वाले लोगों को आरवी-144 नामक दवा देकर देखा गया कि उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कैसे प्रतिक्रिया करती है। बहरहाल, एड्स के उपचार की दिशा में दुनियाभर में जिस तरह के शोध निरंतर हो रहे हैं और ऐसे कुछ शोधों के संतोषजनक परिणाम भी सामने आ रहे हैं, ऐसे में निकट भविष्य में एड्स का सफल इलाज खोजे जाने की उम्मीदें बढ़ गई हैं, जिससे इस बीमारी का जड़ से खात्मा संभव होगा।

संक्षेप

अपराधियों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा: राम गोविंद वर्मा

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जनपद बहराइच के कोतवाली नानपारा अंतर्गत पुलिस चौकी राजा बाजार नानपारा के नवागत चौकी प्रभारी राम गोविंद वर्मा ने पत्रकारों भेंट वार्ता की। भेंट वार्ता मे नवागत चौकी प्रभारी राम गोविन्द वर्मा नें कहा कि पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाना, अपराध पर लगाम लगाना उनकी प्राथमिकता है। किसी भी दशा मे अपराधी बख्शे नहीं जाएंगे। श्री वर्मा ने कहा जुआ, स्मैक, सट्टा एवं अवैध पशु वध करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। अपराधियों की जगह जेल में होगी। पीड़ित व्यक्ति के लिए उनके द्वार हर समय खुले हैं। कोई भी पीड़ित व्यक्ति उनसे सीधे मिल सकता है और अपनी समस्या बता सकता है। इस मौके पर नानपारा के वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र कांत श्रीवास्तव, जयदीश श्रीवास्तव, लड्डे मिर्जा, पुनीत श्रीवास्तव, अभिलाष श्रीवास्तव सहित चौकी क्षेत्र के कई संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

वर्ल्ड एड्स डे दिवस पर राजकीय महा विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विकास खंड असोहा क्षेत्र के गोसाई खेड़ा स्थित राजकीय महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर जंतु विज्ञान परिषद के तत्वाधान में महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता व पावर पॉइंट प्रेजेंटेशंस के माध्यम से एड्स जैसे गंभीर विषय पर छात्र-छात्राओं में जागरूकता का प्रचार प्रसार किया गया। महाविद्यालय में जंतु विज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ सुनीता रावत ने विश्व एड्स दिवस की थीम ,₹अधिकार का मार्ग अपनाएं: मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार₹ के अनुरूप एड्स पीड़ित रोगियों के साथ भेदभाव खत्म करने, उन्हें समुचित इलाज का अधिकार देने, एड्स का कारण, तथा बचाव आदि पर छात्र- छात्राओं को जानकारी प्रदान की। पोस्टर प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम, निधि द्वितीय, व साछीतृतीय तथा प्रिया ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में तान्या ने प्रथम, निवेदिता ने द्वितीय, दीपांशी ने तृतीय तथा पारुल ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया, पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशंस के वर्ग में अमन ने प्रथम, वैष्णवी ने द्वितीय, साक्षी तथा आशनी प्रजापति ने संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार जीता। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ दीप्ति खरे प्रो रश्मि श्रीवास्तव, प्रो आर पी वर्मा, डॉ प्रियंका गौड़, गुरु प्रसाद राठौर, डॉ पुष्पेंद्र, डॉ अभिनव द्विवेदी, डॉ प्रशांत, डॉ कीर्ति मदनानी, डॉ राधेश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

एनसीसी कैडेट्स को दिया गया तम्बाकू नियंत्रण प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। मंगलवार को शहर के महाराज सिंह इण्टर कालेज में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत इनकॉरपोरेटेड इन अदर ट्रेनिंग सेशन के तहत कार्यशाला आयोजित कर एनसीसी कैडेट्स को तम्बाकू नियंत्रण प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में विद्यालय के शिक्षकगण एवं कर्मचारियों समेत एनसीसी में पंजीकृत कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में एनसीसी कैडेट्स को तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों और बचाव के बारे में जागरूक किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए डॉ० परितोष तिवारी ने कहा कि समाज के आम लोगों के बीच जाकर तंबाकू के सेवन के दुष्प्रभावों से अवगत करवाते हुए इसपर पूर्ण नियंत्रण लगाने के लिए कार्य करना होगा। तंबाकू का सेवन न करने के लिए लोगों को प्रेरित और जागरूक करना होगा। कार्यक्रम का संचालन कर रहे जिला स्वास्थ्य शिक्षा सूचनाधिकारी बृजेश सिंह ने तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों व उससे बचाव की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तम्बाकू उत्पादों के सेवन से मुंह में, गले में पेट में तथा फेफड़ों में छाले पड़ जाते हैं जिससे टीवी होने की संभावना बढ़ जाती है। इसके साथ श्वास की बीमारी, एलर्जी, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर बढना, अनिद्रा इत्यादि भी हो सकती है। जो लोग इसके आदी हो जाते हैं या जिनको लत लग जाती है वह चाहकर भी इसे नहीं छोड़ पाते हैं। बृजेश सिंह ने जिले में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की उपलब्धियां व वर्तमान स्थिति के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तंबाकू एवं सिगरेट से होने वाले हजारों प्रकार की घातक बीमारियों जैसे कैंसर, हृदय रोग एवं फेफड़ों आदि की बीमारी और असामयिक मृत्यु से संबंधित प्रचार-प्रसार को युक्तिसंगत तरीकों से लागू करने के लिए सरकारी कर्मियों के माध्यम से आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में डॉ० परितोष तिवारी ने महाराज सिंह इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, कर्मचारियों एवं मौजूद एनसीसी कैडेट्स को शपथ दिलाई कि हम कभी भी धूम्रपान या तंबाकू या अन्य प्रकार के तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करेंगे साथ ही अपने परिजनों या परिचितों को धूम्रपान का या अन्य तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करेंगे और अपने परिसर को तंबाकू मुक्त रखेगे। इस मौके पर महाराज सिंह इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य राम संवारे पाण्डेय, एनसीसी कमांडेंट देव शरण, श्रीप्रकाश गुप्ता, आनंद मोहन, प्राचार्य अरविंद कुमार, संतोष चंद्र शुक्ला, श्रीप्रकाश, भीखू राम, अमरेश कुमार, डीपीएम सरजू खान, एनसीडी क्लीनिक के डा० अंशुमान सिंह, विवेक श्रीवास्तव, मो० हारून, शरद श्रीवास्तव, आदि मौजूद रहे।

संयुक्त कृषि निदेशक एवं जिला कृषि अधिकारी ने उर्वरक दुकानों का किया निरिक्षण

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जनपद में उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण स्थिति जानने के लिए जनपद के उर्वरक बिक्रय केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण संयुक्त कृषि निदेशक देवी पाटन मंडल गोंडा लोकेंद्र सिंह एवं जिला कृषि अधिकारी डाक्टर सूबेदार यादव द्वारा किया गया। संयुक्त कृषि निदेशक द्वारा प्रयागपुर बहराइच फखरपुर कैसरगंज में स्थित उर्वरक की दुकानों की जांच एवं निरीक्षण किया गया। निरीक्षण से उर्वरक विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। इसके बाद टीम ने इफको बिक्री केंद्र शिवनगर जेल रोड बहराइच, छावडा ब्रदर्स प्रयागपुर, संवल प्रसाद एंड संस प्रयागपुर, सूरजमल एंड मोहनलाल संस बहराइच एवं अग्रवाल फर्टिलाइजर्स बहराइच, जुआरी फॉर्म हब सेंटर चिलवरिया, शर्मा बीज बिक्री केंद्र बहराइच के गोदाम के स्टाक एवं बिक्री की जांच की ।जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि इस समय जनपद में 10380 मेट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट, 1463 मेट्रिक टन एनपीके एवं 3223 मेट्रिक टन डीएपी एवं 41644 बोतल नैनो डीएपी 23758 बोतल नैनो यूरिया उपलब्ध है। जनपद की 35 सहकारी समिति पर बुधवार को को डीएपी पहुंकर वितरण शुरू हो जायेगा। जनपद की सभी सहकारी समिति दानेदार डीएपी, नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, इसके साथ जनपद के इफको ई बाजार सेंटर, बहराइच, नानपारा, महसी, मिहीपुरवा, प्रयागपुर पीसीएफ रिटेल सेंटर फखरपुर एवं बहराइच पर भी डीएपी उर्वरक उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जनपद के 425 दुकानों पर भी डीएपी उर्वरक उपलब्ध है। किसान भाई सभी सहकारी समिति पर उपलब्ध दानेदार डीएपी के अतिरिक्त नैनो डीएपी खरीद कर फसलों में प्रयोग करें। संयुक्त कृषि निदेशक एवं जिला कृषि अधिकारी द्वारा समस्त उर्वरक विक्रेताओं को चेतावनी जारी की गई है यदि किसी भी विक्रेता द्वारा अनियमित वरती जाएगी एवं सीमावर्ती राज्यों में उर्वरक की कालाबाजारी की जाएगी तो उसके विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण अधिनियम 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कठोरता कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जाम से लोग परेशान, प्रशासन मौन

- जाम मे फंसी रहती है एंबुलेंस की गाड़ियां
- रॉन्ग वे चलने से लगता है जाम

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। तहसील मुख्यालय कैसरगंज स्थित हनुमान मंदिर तिराहे से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज मोड तक आए दिन बहुत भयंकर जाम की सिलसिला जारी रहता है। अस्पताल पर रॉन्ग वे से गुजरने वाले चार पहिया वाहनों का गुजर होने से जाम की शिकायत बनी रहती है, जिससे पुलिस प्रशासन बिल्कुल पूरी तरह से मौन दिखाई दे रहा है। अगर यह ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से नहीं सही किया गया तो आने वाले दिनों में गंभीर घटनाएं हो सकती है। आपातकालीन जैसी सेवाएं एंबुलेंस की गाड़ियां जाम में कई कई घंटों फंसी रहती है जिससे गंभीर मरीजों को काफी दिक्कत होती है। कैसरगंज से गुजरने वाले यात्रियों को हनुमान मंदिर से लेकर बस स्टॉप कैसरगंज तक काफी जाम के झाम को खेलना पड़ता है।

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर बाबा सुंदर सिंह विद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम

लंबे समय से दिव्यांग बच्चों को शिक्षित करने के लिए समर्पित है विद्यालय: बलमीत कौर

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल

बहराइच। जनपद में लंबे समय से दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित विद्यालय बाबा सुंदर सिंह मूकबधिर विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम ने अतिथियों का मन मोह लिया विद्यालय की संचालिका बलमीत कौर ने बताया कि दिव्यांग बच्चों के लिए वह लगातार मेहनत कर रही हैं। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में बाबा सुंदर सिंह बाधिर विद्यालय के प्रांगण मे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों व उन्हें समाज में पुनर्स्थापित करने के बारे में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गोष्ठी में नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक सोनी दाऊजी ,नगर व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष सुमित खन्ना तथा फुटकर बर्तन व्यापार मंडल चौक बाजार के महामंत्री रत्नाकर सिंह मौजूद रहे। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस की शुरूआत कब हुई तथा यह दिवस क्यों मनाया जाता है इस बारे में बताया गया तथा वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस कहां तक अपना अस्तित्व बना पाया है के बारे में विचार विमर्श हुआ। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा बच्चों को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के पूर्व कराए गए खेलकूद प्रतियोगिता का पुरस्कार भी वितरित किया गया।

साथ ही इंदिरा स्टेडियम में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित दिव्यांग बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता में भी विद्यालय के बच्चों ने प्रतिभाग किया जिसमें अमानत जुनैद महक आयुषी अर्चना जैसनी आमद अली ने विशेष स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के उद्घाटन में बाबा सुंदर सिंह विद्यालय के दिव्यांग बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें आयुषी अर्चना खुशी विक्की गुरमिंदर आदि बच्चों ने प्रतिभाग किया डीएम मैडम ने बच्चों द्वारा किए गए कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की और विद्यालय आने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से गुरविंदर सिंह विजय बहादुर गुप्ता रूप श्रीवास्तव गीता श्रीवास्तव रंजन श्रेया श्रद्धा सोनी आदि का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर काफी संख्या में विद्यार्थी व अतिथिगढ़ उपस्थित रहे।

विश्व दिव्यांग दिवस पर कतर्नियाघाट के लिए रवाना हुआ 95 छात्र-छात्राओं का दल

कलेक्ट्रेट परिसर से डीएम ने सीडीओ के साथ दिखायी हरी झण्डी

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिले के समस्त विकास खण्डों के चिन्हित 55 दिव्यांग बच्चों एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की प्रतिभाशाली 40 बालिकाओं के दल को जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण हेतु कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार हेतु रवाना किया। छात्र-छात्राओं का दल गिरिजापुरी बैराज, थारू हट, इको गार्डेन, जंगल सफारी, गेरूआ नदी में बोटिंग का आनन्द लेने के साथ-साथ छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्लोगन राईटिंग एवं पेंटिंग कर भ्रमण के दौरान देखे गये नजारों को कैनवास पर उतारेंगे। वाहनों की रवानगी के समय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह व अन्य विभागीय अधिकारी तथा शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

जिला पूर्ति अधिकारी ने किया कुकिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

बहराइच, कैसरगंज। पेट्रोलियम मंत्रालय के तहत ₹हमारी रसोई हमारी जिम्मेदारी₹ अभियान के तहत एक कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पूर्ति अधिकारी नरेंद्र तिवारी जी ने किया। कार्यक्रम में कुकिंग प्रतियोगिता के अलावा एक सेफ्टी क्लीनिक का भी आयोजन किया गया, जिसमें जिला नोडल अधिकारी और बीपीसील के विक्रय अधिकारी सौरभ आनंद जी ने ग्राहकों को सुरक्षित एलपीजी गैस के उपयोग और संचालन के बारे में महत्वपूर्ण जानकरी दी। जिला नोडल अधिकारी, सौरभ आनंद ने एक ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की और लोगों को सुरक्षा संबंधी जागरूकता के लिए प्रोत्साहित किया। जिसमें लोगों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का मूल्यांकन उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया और उन्हें पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। साथ ही, निःशुल्क सुरक्षा जांच में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न तेल कंपनियों के कर्मचारियों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में लगभग 200 महिलाओं ने प्रतिभाग किया इस कार्यकम में आईओसीएल के विक्रय अधिकारी विवेक शुक्ला व कैसरगंज के सप्लाई इंस्पेक्टर अमरजीत वर्मा, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बेंदौरा और जलालपुर की प्रधानाचार्य किरन , पूनम देवी भी शामिल रहे। कार्यक्रम के समापन पर,प्रताप गैस एजेंसी जरवल से मीना सिंह, सुपनी भारतगैस से संजय त्रिपाठी, श्री साईं भारतगैस से रहमत अली शैख, मास्टर इंडेन से वीरेंद्र गुप्ता, एस.एस. एचपी से विनय कुमार सिंह, एवं कुमार एचपी गैस से शोभित त्रिपाठी ने सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया और हमेशा सर्वश्रेष्ठ सेवा प्रदान करने का वचन दोहराया। उपस्थित लोगों ने भी इस ज्ञानवर्धक कार्यकम भी खूब सराहना की।

हिंदू रक्षा समिति के तत्वाधान में निकाली गई जन आक्रोश रैली

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर लोगों में दिखा आक्रोश

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल

बहराइच। बांग्लादेश में हिंदुओं तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा किए जा रहे अत्याचार के विरुद्ध हिंदू रक्षा समिति के तत्वधान में हजारो की संख्या मे हिन्दु समाज के लोगो ने जन आक्रोश रैली निकालकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौपा। जन आक्रोश रैली गेंदघर मैदान से प्रारंभ होकर छावनी चौराहा, घंटाघर चौक, पीपल तिराहा, नगर पालिका होते हुए धरना स्थल पहुंची जहाँ राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा गया।

राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन मे उल्लेख किया गया है कि विभिन्न संचार माध्यमों से विदित है कि बांग्लादेश में हिन्दुओं तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा हमले, हत्या, लूट, आगजनी तथा महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार संपूर्ण हिंदू समाज के लिए अत्यंत पीड़ादायक एवं चिंताजनक है। वर्तमान की बांग्लादेश सरकार तथा अन्य एजेंसियां केवल मुकदर्शक बनी हुई है, जिसके परिणाम स्वरुप हिंदुओं को लक्ष्य बनाकर शारीरिक, आर्थिक, सामाजिक व धार्मिक शोषण तथा अत्याचार की घटनाओं में बाढ़ आ गई है। शांतिपूर्ण प्रदर्शन में हिंदुओं का नेतृत्व कर रहे इस्कान के सन्यासी चिन्मय कृष्णदास को वहां की सरकार द्वारा कारावास भेजना घोर अन्याय पूर्ण है। ज्ञापन में मांग की गई है कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद हो तथा श्री चिन्मय कृष्ण दास को तत्काल कारावास से मुक्त जाए। इस हेतु हर संभव प्रयास करें जिससे पीड़ित हिंदुओं तथा अन्य अल्पसंख्यकों के परिवारों तथा उनके व्यावसायिक, धार्मिक स्थलों की सुरक्षा एवं उनका संरक्षण प्राप्त हो सके। रैली में शामिल लोग भारत हो या बांग्लादेश हम सब हिंदू एक हैं, हर हिंदू की यही पुकार नहीं सहेंगे अत्याचार, हिंदू का इतिहास है हिंदू सबके साथ है, हिंदू नरसंहार बंद करो बंद करो, बंद करो, तुम जितने मंदिर तोड़ोगे उतनी मानवता छोड़ोगे, मानवता करती आह्वान हिंदू जीवन जग की शान, हिंसा नहीं सहना है कट्टरपंथियों से लड़ना है, अब हिन्दू चुप नहीं रहेगा, हिंदू हिंसा नहीं सहेगा, हर हिन्दू ने ठाना है बांग्लादेश को कट्टरपंथ से बचाना है आदि स्लोगन लिखी हुई तख्तिया हाथ में लेकर चल रहे थे। जन आक्रोश रैली से पूर्व गेंद घर मैदान में आयोजित सभा को श्री सिद्धनाथ पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्री रवि गिरी जी महाराज , श्री सनातन धाम मंदिर हनुमंत पुरम नगरौर के पीठाधीश्वर स्वामी विष्णु देवाचार्य जी महाराज, पंचवटी आश्रम रिसिया के श्री रवि शंकर जी महराज ने संबोधित किया। मंच का संचालन संयोजक धनंजय सिंह ने किया। जन आक्रोश यात्रा में मातृशक्ति सहित विभिन्न धार्मिक सामाजिक संगठनों के लोग व हजारों की संख्या में जनमानस उपस्थित रहा।

अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर आयोजित हुआ स्पोर्ट्स इवेन्ट

डीएम मोनिका रानी ने किया शुभारम्भ

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। बहराइच 03 दिसम्बर। समग्र शिक्षा में समेकित शिक्षा एवं जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति के तत्वावधान में परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों हेतु अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर इन्दिरा गांधी स्पोटर्स स्टेडियम में अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर आयोजित स्पोर्ट्स इवेन्ट का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मॉ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर परिषदीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना एवं स्वागतगीत, विशेश्वरगंज क्षेत्र के छात्र-छात्राओं द्वारा डांडिया नृत्य तथा दिव्यांश शुक्ला द्वारा शीर्षासन कर लोगों को योग के प्रति जागरूक किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 250 खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डीएम मोनिका रानी ने बेसिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग के साथ सहयोग प्रदान करने वाले एनजीओ के जिम्मेदारान तथा मौजूद सभी छात्र-छात्राओं को अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आप जिस भी क्षेत्र में हैं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के सहारे अग्रणी मुकाम हासिल करें। उन्होंने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर अभिनव पहल करते हुए 55 दिव्यांग छात्र-छात्राओं को कतर्नियाघाट की सैर पर भेजा गया है। इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य यही है कि हमारे बच्चों का प्रकृति के साथ साक्षात्कार हो सके। डीएम ने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नित्य नई ऊचाईयां छूने का आशीर्वाद दिया। डीएम ने जिला खेल अधिकारी आनन्द कुमार श्रीवास्तव के साथ विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार का वितरण किया। प्रतियोगिता के दौरान अस्थि दिव्यांग एक हाथ व एक पैर की 50 मी. दौड़ के बाल वर्ग में नंदन त्रिपाठी, नवीन कुमार व गुलाब चन्द गुप्ता व बालिका वर्ग में शालिनी तिवारी, लक्ष्मी देवी व शान्ति तिवारी, अस्थि दिव्यांग दोनों पैर से दिव्यांग बालक वर्ग की 50 मी. दौड़ में दिव्यांश, मनोज व सगीर व बालिका वर्ग में पिंकी, बौद्धिक दिव्यांग 100 मी. दौड़ बालक वर्ग में प्रतीक, नियाज व सुशील व बालिका वर्ग में अर्चना, रिमझिम व महेक, मूक बधिर बालक 100 मी. दौड़ में पवन कुमार, जुनेद व अमानत व बालिका वर्ग में माही, नन्दनी व सना, दृष्टिहीन बालक वर्ग 50 मी. दौड़ में शशीकान्त व बालिका वर्ग में आकांक्षा व बिन्दु, छूकर पहचानों दृष्टिहीन बालिका वर्ग में आकांक्षा, कुर्सी दौड़ बालक वर्ग में जुनैद अजीज, इसरार व अमन यादव व बालिका वर्ग में लक्ष्मी, राधा व शालिनी तिवारी, सुलेख लेखन में निधि वर्मा, मो. काशिब व गुलाब चन्द गुप्ता, कला वर्ग में महेक श्रीवास्तव, माही सैनी व शालिनी तिवारी को क्रमश प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर उप क्रीड़ा अधिकारी अभिषेक कुमार, जीवन रक्षक रोहित सिंह, मनीष कुमार बघेल, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा राकेश कुमार मिश्र, स्पेशल एजुकेटर जयवीर सिंह स्पेशल एजुकेटर, गिरजेश कुमार पाण्डेय, विनोद कुमार सिंह, वेद प्रकाश यादव, गौरी शंकर सिंह, साकेत मणी पाण्डेय, रंजना देवी, स्नेहलता पाण्डेय, अरविन्द सिंह उग्रसेन आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

शिवपुर के बितनिया में सेवा से संतृप्तिकरण शिविर का हुआ आयोजन

डीएम व पुलिस अधीक्षक ने धूप दीप कर कार्यक्रम की किया शुरूआत

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के शिवपुर की बितनिया में सेवा से संतृप्तिकरण शिविर का हुआ भव्य आयोजन। विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से जिले के ग्रामों को संतृप्त किए जाने तथा जन समस्याओं के निस्तारण के उद्देश्यों से जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा दिसंबर 2024 से सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ हुआ है। अभियान के लिए निर्धारित रोस्टर के अनुसार आज 3 दिसंबर को तहसील नानपारा के शिवपुर की ग्राम पंचायत बितानिया में शिविर का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा मनमोहक स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा आवाम को दी जाने वाली विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी लेने तथा प्रदान करने के साथ गुणवत्ता आदि की पारख की गई ।समस्त प्रकार की योजनाओं से संबंधित की जानकारी लेने हेतु आज मंगलवार को जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के साथ बितनिया पहुंची, जहां उन्होंने डबल इंजन सरकार द्वारा संचालित शासन के अनुरूप संचालित योजनाओं के धरातलीय विकास की जानकारी जुटाई तथा संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर सेवा से संतृप्तिकरण शिविर में सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारीगण, काफी संख्या में लाभार्थी, जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ नागरिकव काफी जन आवाम उपस्थित रहा।

डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर वक्ताओं ने रखे अपने विचार

धूमधाम से मनाई गई भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। भारतरत्न देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ० राजेन्द्र प्रसाद जन्म जयंती समारोह डिगिहा स्थित गायत्री चेतना केंद्र में देश मे प्रभावी ढंग से स्थापित किये के संकल्प के साथ मनाया गया। रूल ऑफ लॉ सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित समारोह में जनपद के ख्यातिलब्ध विधिवेत्ता, संविधान विशेषज्ञ, कानूनविद , शिक्षाविद व समाज सेवी उपस्थित रहे ।रूल ऑफ लॉ सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित डॉ० राजेन्द्र प्रसाद जन्म जयन्ती समारोह को संबोधित करते हुए सविधान विशेषज्ञ अनिल त्रिपाठी एडवोकेट ने श्रधेय राजेंद्र प्रसाद को समूचे भारत का जन नायक बताते हुए उन्होंने पदचिन्हों पर चलकर भारत को मजबूत व गतिशील लोकतंत्र बनाने का आवाहन किया ।रूल ऑफ लॉ सोसायटी (अवध) क्षेत्र संयोजक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को भारतीय संविधान का निमार्ता बताते हुए अधिवक्ताओं का आवाहन करते हुए उनके बताए हुए रास्तों पर चलकर भारत में विधि का शासन प्रभावी ढंग से स्थापित करने में हर सभंव सहयोग देने के लिए कटिबद्ध रहने की बात कही ।जिलाध्यक्ष अनिल मिश्र एडवोकेट ने राजेंद्र प्रसाद को आधुनिक भारत का नवनिमार्ता बताते हुए संगठन की ओर से विधि का शासन स्थापित करने में सहयोगार्थ जन जागरण अभियान चलाने की बात कही। रूल ऑफ लॉ सोसायटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुज श्रीवास्तव ने जन्म जयंती समारोह को अद्वितीय बताते हुए डॉ० राजेन्द्र प्रसाद के विचारों से जन जन को जोड़ने का आवाहन किया ।किसान परिषद संयोजक शिव पूजन सिंह ने भारतीय लोकतंत्र को विश्व का सबसे संगठित व मजबूत लोकतांत्रिक ढांचा खड़ा करने में डॉ० राजेन्द्र प्रसाद के संविधान निर्माण में योगदान को अविरल व अद्वितीय बताया। समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी प्राचार्य आर०पी०एन श्रीवास्तव ने किया ।समापन अवसर पर डॉ० राजेन्द्र प्रसाद को अधिवक्ता समाज का आदर्श बताते हुए उनके बताए गए विचारों को आत्मसात कर मजबूत एवं अखण्ड भारत बनाने का सामूहिक संकल्प भी लिया गया।

संक्षेप

एमडीएस की छात्रा पंखे से लटकी

पुलिस ने बरामद किया सुसाइड नोट, कॉलेज से दो दिन की छुट्टी ले रखी थी

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, गाजियाबाद के मोदीनगर निवाड़ी मार्ग पर दिव्य ज्योति डेंटल कॉलेज परिसर में एमडीएस की छात्रा ने पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचना दे दी है। हरियाणा के रेवाड़ी निवासी रेणुका यादव मोदीनगर निवाड़ी मार्ग स्थित दिव्य ज्योति डेंटल कॉलेज से एमडीएस की पढ़ाई कर रही थी। छात्रा कॉलेज परिसर में हॉस्टल में ही रहती थी। बताया जा रहा है छात्रा बीमार चल रही, इसलिए दो दिन की कॉलेज से छुट्टी ले रखी थी। जब वह कॉलेज नहीं गई तो उन्हें बुलाने अन्य छात्राओं को हॉस्टल भेजा गया। छात्राओं द्वारा काफी दरवाजा खटखटाना पर गेट नहीं खुला। इसके बाद इसकी सूचना कॉलेज प्रशासन को दी गई। कॉलेज के लोगों ने जब दरवाजा तोड़ा तो अंदर छात्रा पंखे से लटकी हुई थी। तुरंत इसकी सूचना निवाड़ी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय वह थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और शव नीचे उतारकर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को छात्रा के कमरे से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। अभी तक यह पता नहीं चल पाया सुसाइड नोट में क्या लिखा हुआ था। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि छात्रा के परिजनों को सूचना दे दी गई है। उनके आने के बाद ही आगे कि कार्रवाई की जाएगी।

गाजियाबाद में कोर्ट के आदेश से मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, गाजियाबाद के मोदीनगर में कोर्ट के आदेश पर कोतवाली में मां-बेटी के साथ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज हुई है। विरोध करने पर मां-बेटी सहित तीन लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया गया था। ये वारदात 25 मार्च की है। कोतवाली क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति भारतीय सेना सेवानिवृत्त है। कोर्ट के आदेश पर दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, कॉलोनी निवासी युवक होली खेलने के बहाने उनके घर पर आए और पत्नी और पुत्री के साथ रंग लगाने के बाद छेड़छाड़ करने लगे शुरूआत में मां-बेटी ने नजरअंदाज कर दिया। लेकिन आरोपियों की बढ़ती हरकत को देख उन्होंने विरोध किया। शोर सुनकर सेवानिवृत्त फौजी मौके पर आ गए। आरोप है कि आरोपियों ने पहले मां-बेटी के साथ बेरहमी से मारपीट की। उसके बाद लोहे की रॉड मारकर सेवानिवृत्त फौजी का सिर फोड़ दिया। कॉलोनी वासियों ने पीड़ित को परिवार को बचाया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। पुलिस के अनुसार मामले में बंटी गिरि, यश शर्मा, चंद्रमणि, उज्जवल पंडित, हर्ष शर्मा, आशु गोस्वामी, देवेंद्र के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

आईजीएल- काटेर्वा एग्रीसाइन्स के तत्वाधान में मक्का प्रदर्शन बुवाई का समापन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड एवं काटेर्वा एग्रीसाइन्स के तत्वाधान में संयुक्त रूप से मक्का की रवि फसल की बुवाई पूर्वांचल के चार जिलों गोरखपुर, कुशीनगर, महराजगंज और संतकबीर नगर में पहली बार न्यूमैटिक प्लांटर मशीन के माध्यम कराया गया। उक्त कार्यक्रम का समापन नाथनगर एग्रीटेक्नो फेड फॉर्मर्स प्रोडूसर्स कंपनी के निदेशक अमिताभ पांडेय के माध्यम से किसान सुरेश चन्द्र पांडेय के पाँच एकड़ खेत में कराया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि उप निदेशक कृषि विस्तार, संतकबीर नगर डॉ आर के सिंह रहे और बताया की मक्के की खेती को बढ़ावा देने उत्तर प्रदेश सरकार भी नयी नयी योजना ला रही है और आईजीएल और काटेर्वा एग्रीसाइन्स के संयुक्त प्रयासों से आईजीएल के नजदीकी कृषि क्षेत्र में मक्के का उत्पादन निरन्तर बढ़ रहा है। किसानों के फसल विक्रय में होने वाली समस्या को आईजीएल ने दूर किया है। आईजीएल के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के द्रिष्टिगत न्यू हॉलैंड कंपनी का न्यूमैटिक प्लांटर द्वारा मक्का बुवाई करके किसानो को अच्छी एवं अधिक उत्पादन वाली फसल लगाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है और इसके साथ ही यारा फर्टिलाइजर्स द्वारा कीटनाशक दवा का छिड़काव ड्रोन के माध्यम से और फसल की कटाई हार्वेस्टिंग मशीन से कराया जायेगा। उक्त अवसर पर आईजीएल से दशरथ मिश्रा, अखिलेश कुमार शुक्ल, यशोवर्धन पांडेय एवं काटेर्वा एग्रीसाइन्स प्रदीप सिंह, अविनाश पासवान और अन्य किसान बंधू उपस्थित रहे।

ईट से कुच कर हत्या करने वाला अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां नगर पंचायत वार्ड 7 निवासी अनिल पुत्र सुरेंद्र 28 वर्ष की मुख्य बाजार स्थित एक मिष्ठान के दुकान के पीछे 30 नवंबर की रात्रि में अभियुक्त ईट से युवक को कुच कर फरार हो गया था। मृतक की मां कौशल्या देवी के तहरीर पर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर अभियुक्त के तलाश में जुटी हुई थी। मंगलवार को एसओ विशाल उपाध्याय, कास्टेबिल गोविंद यादव संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गस्त में निकले हुए थे। तभी जानकारी मिली की युवक की ईट से कुच कर हत्या करने वाला अभियुक्त प्रदीप पुत्र निवासी वार्ड 7 लुचई जो जिगिना पुल के पास खड़ा है। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। और अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय से जेल भेज दिया।

साइकिल रखने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने मारी गोली, घर फूंका

सोमवार को दबंगों ने साइकिल रखने को लेकर मृतक के पत्नी को पीट दिया था

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमटौरा में पुलिस की नाकामी साफ दिखाई दे रही। यदि सोमवार को हुए विवाद में पुलिस ने दबंगों पर कारवाई कर दी होती तो इतना बड़ी घटना नहीं होती। पुलिस मैनेज कर दोनो पक्षों को जैसे ही घर भेजा दबंग घटना का अंजाम देकर फरार हो गए। मिली जानकारी से रामधारी साहनी पुत्र स्व रामजतन साहनी 50 वर्ष का सोमवार को शाम में साइकिल रखने को लेकर शाश शंकर सिंह उर्फ पीपलू सिंह पुत्र पटेसरी सिंह के स्वजन विवाद हुआ था। उस दौरान दबंग मृतक की पत्नी हेमलता साहनी को पीट दिया था। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ ठंड में तहरीर दिया था। पुलिस दोनो पक्षों को बुलाकर समझौता करा दिया। दोनो पक्ष जैसे ही घर पहुंचे दबंगों ने शिवधन साहनी और उसी पत्नी हेमलता पर असलहे से फायर झोंक दिया। गोली लगे से दोनों गिर गए। इसके बाद दबंगों ने मृतक के घर को आग के हवाले कर दिया। पुलिस घायल को सीएचसी पिपरौली लाई जिसे डॉक्टर ने मृतक घोषित कर दिया। और घायल पत्नी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर, एसपी दक्षिणी, सीओ गीडा प्रशाली गंगवार मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी हासिल किया। इस संदर्भ में एसएसपी गौरव ग्रोवर ने कहा कि आरोपी बक्से नहीं जायेगी। इनके ऊपर कड़ी से कड़ी कारवाई की जाएगी।

रेलवे ट्रैक पार करते समय पशुपालक और 15 भेड़ियों की ट्रेन से कट कर मौत

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के जुट मिल के पूरब मंगलवार को ट्रेन की चपेट में आने से पशुपालक और 15 भेड़ियों की कट कर मौत हो गई। मौके पर पहुंची जीआरपी ने जांच कर लाश को गीडा पुलिस को सुपुर्द कर दिया। मिली जानकारी से हरिलाल पाल पुत्र यमुना पाल 60 वर्ष निवासी तेडवा थाना पुरैना घुघली जिला महराजगंज को भेद बकरियों का पालन करता था। वह सहजनवां क्षेत्र के पुनवासी पाल पुत्र राम अचल निवासी बगलाखोर जो इनका दामाद है जानवरों को लेकर घर पर आया था। इसे जानकारी मिली थी कि दामाद तीन दिन से जानवरों को लेकर जुट मिल के पास रह रहा हैं। वह उससे मिलने आया था। दिन में 11 बजे के करीब वह जुट मिल केडी पश्चिम रेलवे ट्रैक को जानवरों के साथ पार कर रहा था। उसी दौरान बस्ती से गोरखपुर आ रही एलटीटी ट्रेन आ गई। जिसमे पशुपालक ऑफ 15 भेड़ियों ट्रेन से कट कर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपीएफ ने पंचनामा कर लाश को गीडा पुलिस को सुपर्द कर दिया।

ट्रांसफार्मर से टकराई बाइक, दो युवकों की दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। पीपीगंज थाना क्षेत्र बरघटा के युवकों का नगर पंचायत पीपीगंज वार्ड नंबर 5 तिघरा सपहिया में रात 10 बजकर 20 मिनट के आसपास एक भीषण सड़क हादसे में एक की मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे में 24 वर्षीय धीरज उर्फ भोलू साहनी पुत्र स्वर्गीय उमेश साहनी की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बाइक सवार दोनों युवक नशे की हालत में बरघटा की तरफ से आ रहे थे, उनकी बाइक तेज रफ्तार से आ रही थी अचानक से सपहिया पर स्थित ट्रांसफार्मर में टकरा गई। ट्रांसफार्मर में गाड़ी संख्या यूपी 53 सीके 6113 टकराने से बिजली तेज चिंगारी के साथ जली कुछ देर के बाद लाइट कट गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया टक्कर इतनी तेज थी केटीएम गाड़ी की हेडलाइट टूट कर बिखर गया जिससे बाइक सवार धीरज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथी परशुराम को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया । इलाज के उपरांत परशुराम सहानी पुत्र राम वृक्ष सहानी की मौत हो गई। पीपीगंज पुलिस को सूचना मिलते ही एस आई अजीत यादव मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर भेज दिया।

महुआ के पेड़ में फंदा लगाकर युवक ने की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सिकरीगंज थाना क्षेत्र के बनकटी निवासी एक युवक ने महुआ के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। ग्रामीण की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को निचे उतरवाया और पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।सिकरीगंज क्षेत्र के बनकटी निवासी संतोष हरिजन पुत्र लवकुश उम्र 22 वर्ष ने मंगलवार को दोपहर में गांव के पश्चिम शहीद बाबा मजार के बाग में महुआ के पेड़ पर फांसी के फंदा पर लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। मौत की सूचना पर मजदूरी कर रहे युवक के पिता ने बताया की हल्का-फुल्का तबियत खराब था दवा लिया था वैसे वह भी मजदूरी करता था अभी उसकी शादी नहीं हुई थी । सूचना पाकर पहुंची सिकरीगंज पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वांछित अभियुक्त के खिलाफ प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

थाना इंचार्ज ने धारा 82 के अंतर्गत घर में नोटिस चस्पा की

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। अपराधियों एवं वांछित अभियुक्तों के खिलाफ लगाम कसते हुए असोथर थाना क्षेत्र में वांछित चल रहे अभियुक्त राहुल उर्फ महेश पुत्र राम शंकर निवासी ग्राम बहरामपुर थाना थरियांव के खिलाफ न्यायालय के आदेश के अनुपालन में अपराध शाखा उपनिरीक्षक योगेश कुमार सिंह ने मुकदमा अपराध संख्या 76 /19 धारा 420/467/468/471 के तहत न्यायालय द्वारा निर्गत 82 सीआरपीसी का नोटिस तामील कर उसके घर के दरवाजे में गवाहों के समक्ष चस्पा कर मुनादी कराई।

गाजियाबाद में फर्जी शादी कराने वाले दो गिरफ्तार

- आर्य समाज मंदिर में फेक आधार कार्ड से दिलाई जा रही थी गवाही, फोटो भी साफ नहीं

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, गाजियाबाद पुलिस ने फर्जी तरीके से शादी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें आर्य समाज मंदिर के अध्यक्ष बृजेश शास्त्री और संयोजक जयकरन है। डीसीपी सिटी राजेश कुमार के मुताबिक शादियों में जो गवाही दी जाती है।

उनके फर्जी आधार कार्ड तैयार किए जाते हैं। फोटो भी साफ नहीं होती है। जांच करने पर आधार कार्ड फर्जी निकले हैं। ब्रज नगरी आर्य समाज संस्था नंदग्राम के नाम से शादी कराई जाती थी। इनकी जो मुख्य संस्था है प्रदेश में आर्य समाज संस्था ने इनका रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिया गया था। फिर भी शादी करवाई जा रही थी और प्रमाण पत्र दिया जा रहा था। पुलिस के मुताबिक पैसे कमाने के लिए इस तरीके से शादी कराई जा रही थी। दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और आगे भी एसआईटी की जांच चल रही है।

मंदिर के पास शराब दुकान को हटाने की मांग

डिबाई में भाकियू के नेता ने प्रशासन पर लगाया आरोप, शिकायत के बाद भी नहीं कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार

डिबाई, डिबाई में भाकियू (किसान शक्ति) के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री पंडित गजेंद्र शर्मा ने एसडीएम डिबाई कमलेश कुमार गोयल से मांग की है कि शिव मंदिर के पास और संकट मोचन हनुमान मंदिर के सामने चल रही वाइन शॉप को तुरंत बंद कराया जाए।

उन्होंने कहा कि यह शराब की दुकान शासन की गाइडलाइनों और नियमों का उल्लंघन कर अनधिकृत रूप से चल रही है,

और इसका लाइसेंस निरस्त किया जाए। पंडित गजेंद्र शर्मा ने बताया कि यह वाइन शॉप अवैध रूप से चालू की गई है, और प्रशासन ने इसे नियमों को ताक पर रखकर लाइसेंस जारी किया है।

उनका कहना है कि यदि प्रशासन निष्पक्ष रूप से जांच करता है, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि शराब की दुकान धार्मिक स्थलों के पास अवैध रूप से संचालित हो रही है, जो कि शासन के स्पष्ट नियमों का उल्लंघन है। नियमों के तहत मंदिरों के पास शराब की दुकानें नहीं हो सकतीं, और इस मामले में प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

भाकियू के नेताओं ने आरोप लगाया कि तीन महीने पहले भी इस वाइन शॉप के खिलाफ डिबाई प्रशासन को शिकायत दी गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इस मौके पर भाकियू के कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें देवेंद्र शर्मा, रोहन सिंह, दिलशाद खां, जितेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह आदि शामिल थे।

इन कार्यकताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए शराब की दुकान को बंद करने की मांग की। भाकियू ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की जाती, तो संगठन धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगा और इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया जाएगा।

बीच सड़क पर मनचले की पिटाई

लड़की के शोर मचाने पर उसके परिवार वालों ने पकड़ लिया और सबक सिखा दिया

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ के लोहियानगर क्षेत्र से एक मनचले की पिटाई का वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में कुछ लोग ओर महिलाएं मनचले बीच सड़क पर पिटाई कर रहे हैं। वायरल वीडियो फतेल्लापुर चौकी से मात्र कुछ कदम पहले का है। वायरल वीडियो में पिट रहे मनचले ने एक लड़की के साथ छेड़छाड़ कर दी थी। लड़की के शोर मचाने पर उसके परिवार वालों ने आरोपी मनचले को पकड़ लिया और मनचले की बीच सड़क पर पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया। हालांकि पुलिस वीडियो की जानकारी में नहीं होने की बात कह रही है। और वीडियो की जांच कराकर कार्रवाई की बात कह रही है।

एक मनचले की पिटाई का वीडियो वायरल हो गया। वायरल वीडियो में बीच सड़क पर कुछ लोग और महिलाएं मनचले की जमकर पिटाई कर रहे हैं। वायरल वीडियो लोहियानगर थाना क्षेत्र स्थित फतेउल्लापुर क्षेत्र के समर गार्डन का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार इसने एक लड़की के साथ छेड़छाड़ कर दी थी, लड़की के शोर मचाने पर उसके परिवार वालों ने मनचले को पकड़ लिया और उसकी बीच सड़क पर जमकर पिटाई कर दी। लड़की के परिवार वालों ने आरोपी को पुलिस को सौंप दिया। वहीं आसपास के लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो के बारे में चौकी पुलिस ने जानकारी न होने की बात कही है। वहीं पुलिस वीडियो की जांच कराकर कार्रवाई की बात कह रही है।

शिवपुराण महाकथा सुनकर भक्त हो रहे भावविभोर

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। जनपद के विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के बसधना गांव में आयोजित नौ दिवसीय शिवपुराण महाकथा में शिवजी की महिमा का दिव्य वर्णन किया जा रहा है। पूज्यनीय संत ब्रह्मचारी जी महाराज के सानिध्य में हो रहे इस धार्मिक आयोजन में कथा व्यास सुरेशानंद महाराज ने द्वादश ज्योतिलिंगों की महिमा का विस्तार से वर्णन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया ।कथा में सुरेशानंद महाराज ने द्वादश ज्योतिलिंगों- सोमनाथ, महाकालेश्वर, काशी विश्वनाथ, त्र्यंबकेश्वर, केदारनाथ, और रामेश्वरम सहित अन्य ज्योतिलिंगों की अलग-अलग महत्ता का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ज्योतिर्लिंग शिवजी के अनंत स्वरूप का प्रतिनिधित्व करता है और इनकी महिमा अपार है। कथा के दौरान उन्होंने शिवभक्ति, त्याग और धर्म के महत्व को भी रेखांकित किया ।कथा सुनने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पंडाल में पहुंचे। जैसे ही द्वादश ज्योतिलिंगों का वर्णन शुरू हुआ, श्रद्धालु भावविभोर होकर हर-हर महादेव और जय भोलेनाथ के जयघोष करने लगे। पूरा पंडाल शिवमय वातावरण में डूब गया। श्रद्धालुओं ने कहा कि कथा ने उनके मन और आत्मा को शांति प्रदान की है ।आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि नौ दिवसीय कथा का समापन अंतिम दिन विशेष पूजन और भंडारे के साथ होगा। भंडारे में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। समिति ने बताया कि कथा के दौरान शिवभक्तों के लिए बैठने, ठहरने और जलपान की विशेष व्यवस्था की गई है ।कथा के दौरान सुरेशानंद महाराज ने शिवजी की महिमा के साथ-साथ सनातन धर्म और संस्कृति के संरक्षण की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिवपुराण सिर्फ एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन के हर पहलू के लिए मार्गदर्शक है ।बसधना गांव का यह आयोजन क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने पहुंच रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि कथा का उद्देश्य लोगों को धर्म और आध्यात्म से जोड़ना है।

वृद्धाश्रम में ग्लोबल हैप्पीनेस फाउंडेशन ने स्वास्थ्य शिविर लगाया

महिला-पुरुषों की निशुल्क जांच कर दवाइयां दीं, सर्दी से बचाव के उपाय बताए

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, गाजियाबाद में ग्लोबल हैप्पीनेस फाउंडेशन ने गाजियाबाद के दुहाई स्थित आवासीय वृद्ध आश्रम में आज एक निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया ।इस निशुल्क कैंप में वृद्धाश्रम में रह रहे सभी वृद्ध महिला पुरुषों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच और निशुल्क दवाइयां आदि भी वितरित की गईं। डॉक्टरों ने सभी वृद्धों का ब्लड प्रेशर और शुगर भी चेक किया।

आवासीय वृद्ध आश्रम में फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन ग्लोबल हैप्पीनेस के चेयरमैन डॉ. सुनील दत्त और डायरेक्टर राधिका राजपूत के नेतृत्व में किया गया। कैंप में वृद्ध आश्रम दुहाई में निवास कर रहे महिलाओं और पुरुषों की चिकित्सकों की टीम ने जांच की। साथ ही उनको आवश्यकता अनुसार दवाइयां भी कैंप में ही निशुल्क उपलब्ध कराई गई। कैंप में मौजूद डायरेक्टर राधिका राजपूत ने कहा कि संस्था के माध्यम से बुजुर्गों की सेवा करके बहुत अच्छा महसूस करती हैं। डॉ. सुनील दत्त ने कहा कि परिवारों से दूर इस वृद्धाश्रम में रह रहे इन सभी बुजुर्गों की सेवा कर इनके चेहरे पर मुस्कान लाना हमारी संस्था का उद्देश्य है।

अमेठी में दिव्यांगों का प्रदर्शन

इको गार्डन में धरना दे रहे लेखपालों को मिले नियुक्ति

अमन लेखनी समाचार

अमेठी में नौकरी समेत कई मांगों को लेकर दिव्यांगों ने जोरदार प्रदर्शन किया। अमेठी तहसील पहुंचे दर्जनों की संख्या में दिव्यांगों ने प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। दिव्यांगों की मांग थी कि मुख्य सेविका पद पर दिव्यांग अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया में शामिल करते हुए नियुक्ति दी जाए। इसके अलावा उनकी कई अन्य मांगे भी थीं।

भारतीय जागृति मिशन के बैनर तले बड़ी संख्या में दिव्यांग पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन किया। दिव्यांगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन अमेठी एसडीएम को सौंपा। दिव्यांगों की मांग थी कि मुख्य सेविका पद पर लोकोमोटर डिसेबिलिटी के दिव्यांग अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया में शामिल करते हुए नियुक्ति प्रदान की जाए।

रिक्त पदों पर हो विनियतिकरण

लखनऊ में लंबे समय से धरना प्रदर्शन कर रहे लेखपाल पद पर चयनित दिव्यांगजनों को तत्काल नियुक्त नियुक्ति प्रदान की जाए। राजस्व विभाग में सीजनल संग्रह अमीन के पद पर काम कर रहे दिव्यांग जनों का रिक्त पदों पर विनियतिकरण किया जाए।

अवैध खनन की जांच करने पहुंचे नायब तहसीलदार

सोमवार की सुबह ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से हुई थी युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

अमेठी में एक दिन पहले अवैध खनन में शामिल ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से एक युवक की मौत हो गई थी। युवक की मौत के बाद प्रशासनिक अमले में भी हड़कंप मच गया था। घटना के बाद नायब तहसीलदार ने मौके पर जाकर अवैध खनन वाले स्थान का निरीक्षण किया और अपनी रिपोर्ट एसडीएम को सौपेंगे। फिलहाल जानकारी मिल रही है कि इस मामले में कई अधिकारियों पर बड़ी कार्रवाई हो सकती है।दरअसल, ये पूरा मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र का है। जहां निहालगढ़ सैदापट्टी के पूरे भाले गांव का रहने वाला कन्हैया चौहान पुत्र सुन्दरलाल रोजी-रोटी के लिए ट्रैक्टर लिया था। ट्रैक्टर से सोमवार की तड़के कमरौली थाना क्षेत्र के सौना गांव मिट्टी लादकर जा रहा था। इस दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सौना मोड़ के पास छतिग्रस्त पुल से नीचे गिर गया, जिससे ट्रैक्टर के नीचे दबकर उसकी मौत हो गई।घटना की जानकारी होने पर आसपास के काफी संख्या में लोग पहुंच गए। सभी लोग मिलकर कन्हैया चौहान को ट्रैक्टर के नीचे से निकालने का प्रयास करने लगे लेकिन ट्रैक्टर उठाया नहीं जा सका। कड़ी मशक्क्त बाद नीचे दबे कन्हैया को निकाला गया। मौके पर पहुंची कमरौली पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

बिलखते परिजन

दो बच्चियों के सिर से उठा पिता का साया

सौना मोड़ के पास ट्रैक्टर पलटने से नीचे दबकर पिता की मौत होने पर कन्हैया के दो बेटी चार वर्षीय दिव्यांशी और डेढ़ वर्षीय रिम झीम पत्नी कविता मां मुराता देवी दहाड़ मारकर रोते रोते बेसुध हो गई। उनके करुण क्रंदन से आसपास मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। पिता की कुछ दिन पहले मृत्यु हो जाने के कारण मां चिल्ला चिल्ला कर यही कह रही थी कि घर में कमाने वाला अब कोई नहीं है। घर की सारी जिम्मेदारी बेटे के ऊपर थी। परिवार में कन्हैया तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था।बड़ा भाई पप्पू चौहान मुंबई में तो छोटा भाई सतीश सूरत में नौकरी करता था। ट्रैक्टर ट्राली चलाकर मृतक घर का भरण पोषण करता था। दो अबोध बच्चों के सर से पिता का साया उठ गया। पत्नी कविता पति के याद में बसुध होकर दहाड़े मारकर रो रही थी।कह रह थी कि भगवान अब बच्चों को कौन संभालेगा। इनकी परवरिश कौन करेगा।ग्रामीणों ने जेसीबी चालक पर अवैध रूप से तालाब की खुदाई करने का आरोप लगाया है।

छठवें दिन शुरू हुआ रिमझिम में उत्पादन मजदूरों ने ली राहत की सांस

आधी टीम मंगलवार को तड़के लौटी आधी टीम फैक्टरी में रुककर अभिलेखों का कर रही मिलान

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। आयकर विभाग की छापेमारी के बाद छठवें दिन टीम के वापस लौटने पर कंपनी में उत्पादन शुरू हो गया है। इससे कंपनी के मजदूरों के साथ बाहर से कच्चा माल लेकर फैक्टरी आए चालकों ने राहत की सांस ली है। मंगलवार को आधा सैकड़ा से ज्यादा ट्रकों का माल फैक्टरी के अंदर खाली कराया गया। वहीं आयकर विभाग की टीम ने छापेमारी के दौरान मिली खामियों को अभी तक अधिकृत रूप से नहीं खोला है। आशंका है कि करोड़ों की टैक्स चोरी पकड़ी गई है। गत बुधवार की रात आयकर विभाग की टीम ने उद्योग नगरी सुमेरपुर में संचालित रिमझिम इस्पात एवं उसकी सहयोगी फर्मो पर छापा मारा था। गुरुवार सुबह से मजदूरों का प्रवेश फैक्टरी में रोक दिया गया था। रविवार को देर रात दिल्ली से भी आयकर टीम फैक्टरी पहुंची थी। छापेमारी के छठवें दिन मंगलवार को तड़के टीम पांच गाड़ियों से वापस लौट गई है। शेष पांच गाड़ियां अभी रुकी हुई है और छापेमारी के दौरान मिले अभिलेख आदि का मिलान करने में जुटी हुई है। मंगलवार को टीम के वापस लौटने के बाद सुबह 8 बजे से फैक्टरी का संचालन शुरू हो गया है। जिससे मजदूरों के साथ बाहर से कच्चा माल लेकर आए चालकों ने राहत महसूस की है। मंगलवार को करीब आधा सैकड़ा ट्रकों को फैक्टरी के अंदर लेकर कच्चा माल खाली कराया गया। छह दिन की छापेमारी में आयकर टीम को क्या मिला है। इसका अधिकृत रूप से खुलासा अभी तक नहीं हुआ है। आशंका है कि आयकर टीम को छापेमारी में करोड़ों रुपए की टैक्स चोरी मिली है। टीम ने कंपनी के लैपटॉप, सभी मैनेजर के मोबाइल फोन आदि कब्जे में ले रखे हैं।

संक्षेप

एक अभियुक्त के विरुद्ध की गयी जिला बदर की कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही व प्रभावी पैरवी के तहत माननीय न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट व अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जनपद की सदर कोतवाली से सम्बन्धित गुण्डा अपराधी को जनपद हमीरपुर की सीमा से 6 माह के लिये निष्कासित कर जिलाबदर किया गया है। पारित आदेश में आदेशित किया गया है कि जिलाबदर की अवधि में निष्कासित हुआ जिलाबदर अपराधी सफात उर्फ सबलू खान पुत्र बबलू खान निवासी मुहल्ला कालपी चौराहा सदर कोतवाली हमीरपुर अपने साथ किसी प्रकार का शस्त्र व अग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेंगे। साथ ही 6 माह की अवधि तक जनपद हमीरपुर की सीमा में प्रवेश नहीं करेंगे तथा बाहरी जनपद में जिस स्थान पर निवास करेंगे उसकी सूचना सम्बन्धित न्यायालय एवं स्थानीय पुलिस को भी देंगे।

अवैध गांजा बरामद दो अभियुक्त हुये गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। मुस्करा थाना क्षेत्र के गहरौली पहाड़ी लिंक मार्ग में पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। यहां पर पुलिस ने एक चार पहिया वाहन से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10 किलो अवैध गांजा बरामद किया है। मुस्करा थाना प्रभारी ने बताया कि संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के गहरौली पहाड़ी लिंक मार्ग में एक चार पहिया वाहन को रोका गया तो तलाशी में 10 किलो अवैध गांजा बरामद होने पर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चार पहिया कार की बरामदगी की गयी है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नेशनल हाईवे 34 पर हुये भीषण हादसे में दो की मौत, दो गंभीर घायल

टैंकर व ट्राला की आमने सामने हुई भिड़ंत

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। नेशनल हाईवे 34 में मौदहा क्षेत्र के मवइया गांव के निकट मंगलवार सुबह 9.30 बजे हिंदुस्तान पेट्रोलियम के एक टैंकर और ट्राला के बीच हुई भीषण टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में दो अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हुये हैं। मामूली रुप से घायल हुये एक अन्य युवक को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से टैंकर और ट्राला में फंसे शवों और घायलों को निकालकर एंबुलेंस से सीएचसी मौदहा पहुंचाया। इस दौरान कुछ देर के लिए हाईवे पर जाम भी लगा रहा। अपर पुलिस अधीक्षक मनोज गुप्ता ने बताया है कि इस हादसे में टैंकर चालक बफाती 36 वर्ष पुत्र सिब्बू निवासी भटीपुरा महोबा व ट्राला चालक गोविंद 32 वर्ष पुत्र गंगा प्रसाद निवासी लखनऊ की मौत हुई है। गंभीर रूप से घायल मनोज पुत्र रामदयाल निवासी पौथिया व एक अज्ञात को सदर अस्पताल रिफर किया गया है। मनोज की हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल से कानपुर रिफर कर दिया गया है। मामूली घायल वीरेन्द्र पुत्र दीनदयाल निवासी महोबा को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

कानपुर-सागर नेशनल हाईवे 34 में मौदहा कोतवाली के मवइया गांव के निकट मंगलवार की सुबह 9.30 बजे के करीब महोबा से हमीरपुर की ओर जा रहे पेट्रोलियम पदार्थ की ढुलाई करने वाले टैंकर की महोबा की ओर जा रहे ट्राला से भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों का अगला हिस्सा चकनाचूर हो गया। इस हादसे में दोनों वाहनों के दोनों चालकों की मौत हुई है जबकि दो लोग गंभीर तथा एक मामूली घायल हुआ है। हादसे की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ व कोतवाली प्रभारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस, फायर ब्रिगेड व पीएनसी तथा हाइवे कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से दोनों वाहनों में फंसे शवों और घायलों को बाहर निकालकर सीएचसी मौदहा पहुंचाया। जहां से दो को सदर अस्पताल रिफर किया गया। जिसमें एक घायल की हालत नाजुक होने पर कानपुर भेजा गया है। डॉक्टरों द्वारा दो लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। मनोज कुमार निवासी पौंथिया थाना ललपुरा तथा एक अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मामूली रुप से चोटिल तीसरे घायल वीरेन्द्र पुत्र दीनदयाल निवासी महोबा को प्राथमिक उपचार के बाद उसके घर भेज दिया गया है। दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। क्षतिग्रस्त वाहनों को पुलिस ने कब्जे में लेकर यातायात सामान्य कराया है।

दूल्हा और परिजनों को कन्या पक्ष ने बनाया बंधक

अमन लेखनी समाचार

अमेठी में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां शादी के एक दिन पहले दूल्हा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों के काफी तलाश के बाद भी जब युवक नहीं मिला तो संबंधित थाने में गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज करा दी। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने युवक को ढूंढ कर उसके घर वालों को वापस कर दिया, जिसके बाद युवक बारात लेकर पहुंच गया। जहां कन्या पक्ष ने शादी से इनकार करते हुए दूल्हे और उसके परिजनों को बंधक बनाकर अपने खर्च हुए पैसे की मांग कर रहे हैं। फिलहाल देर रात से दोनों पक्षों में विवाद चल रहा है।दरअसल, ये पूरा मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के पूरे खुदाबन्द रस्तामाऊ गांव का है। जहां की रहने वाली एक युवती की शादी पड़ोसी जिले अयोध्या उसरहा मीरमऊ गांव के रहने वाले सोहनलाल यादव से तय हुई थी। दो दिसंबर को बारात आनी थी, जिसे लेकर कन्या पक्ष ने पूरी तैयारी कर रखी थी।

जयसिंहपुर एसडीएम के पेशकार को एंटी करप्शन टीम ने पकड़ा

पांच हजार रुपए रिश्वत लेते हुए किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर रिश्वत लेने के मामले में आरोपी पेशकार पर गोसाईंगंज थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। अयोध्या की एंटी करप्शन टीम उसे अपने साथ लेकर गई है। जयसिंहपुर एसडीएम के पेशकार समरजीत पाल गोसाईंगंज के माधवपुर छतौना के निवासी हैं।मंगलवार को अयोध्या एंटी करप्शन टीम ने तहसील के बगल स्थित मैदान में पांच हजार रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। टीम पकड़कर गोसाईंगंज थाने लाई और यहां कार्रवाई शुरू की। एंटी करप्शन टीम द्वारा कराई गई एफआईआर में उल्लेख किया गया है कि मोतिगरपुर के पारस पट्टी निवासी मोहर्रम अली पुत्र नसीरुद्दीन ने अयोध्या एंटी करप्शन कार्यालय में जाकर 24 नवम्बर को शिकायत की थी।आरोप है कि मोहर्रम अली के पिता की जमीन पर बिना बंटवारे के उसके चाचा अल्लादीन कब्जा करके निर्माण करा रहा था। 22 नवम्बर को उसके पिता ने एसडीएम जयसिंहपुर को एक शिकायती पत्र देकर सरकारी बंटवारे की मांग के साथ स्टे आदेश की अर्जी दी थी। इस पर पेशकार समरजीत पाल ने 25 हजार रुपए की डिमांड किया।

29 नवंबर को हुई जांच

पेशकार समरजीत ने शिकायतकर्ता से पहले पांच हजार देने को कहा और बचा पैसा बाद में देने के लिए कहा। तब मोहर्रम अली ने 28 नवम्बर को एंटी करप्शन में शिकायत की। 29 नवम्बर को जांच हुई तो आरोप सही पाए गए। इसके आधार पर एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाकर रिश्वतखोर पेशकार को गिरफ्तार किया।

ठंड से बचाव के संबंध में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने रैन बसेरों को दुरस्त रखने के दिये निर्देश

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। ठंड से बचाव के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डा. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि ठंड में कोई भी खुले में या रोड पर सोते हुए न पाया जाए। इसके लिए नियमित रूप से रोस्टर बनाकर रोड पर गश्ती आदि किया जाए। जनपद के सभी रैन बसेरों को सक्रिय रखा जाय तथा सभी रैन बसेरे की सूचना व प्रचार प्रसार हेतु जरूरी संकेतक बोर्ड बस स्टॉप, जिला अस्पताल, रेलवे स्टेशन, मेन बाजार आदि पर अवश्य लगवा दिया जाए तथा इसको जीपीएस पर भी टैग करा दिया जाए ताकि आसानी से लोग वहां पर जीपीएस की मदद से पहुंच सके। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी तहसीलों व नगर निकायों में भी रैन बसेरों को क्रियाशील रखा जाए। सभी रैन बसेरों में महिला एवं पुरुष हेतु अलग-अलग लेटने की व्यवस्था की जाए। रैन बसेरों में फायर सेफ्टी के दृष्टिगत अग्नि से बचाव के उपकरण रखे जायें। वहां पर अलाव व हीटर आदि की भी उपलब्धता रखी जाए। सुरक्षा के दृष्टिगत रैन बसेरे के पास सीसीटीवी आदि भी स्थापित किए जाएं। वहां पर साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था रखी जाए। रैन बसेरों में ठहरने वाले लोगों के लिए भोजन आदि की व्यवस्था निर्धारित मीनू के अनुसार किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि ठंड के दृष्टिगत जनपद में सभी जरूरतमंद व्यक्तियों में कंबल का शीघ्र वितरण कराया जाए।

सभी गौशालाओं का सत्यापन कर वहां पर ठंड से बचाव की सभी व्यवस्थाएं यथा टीनशेड आदि की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाय। गौशालाओ में चारा पानी आदि की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सड़कों के गड्ढों एवं डिवाइडर आदि की मरम्मत एवं रंग रोगन करा दिया जाय। ब्लैक स्पॉट की लिस्टिंग कर वहां पर जरूरी संकेतक व स्पीड ब्रेकर आदि लगवाए जाएं। नगरीय क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटों को क्रियाशील रखा जाए। रोडवेज की सभी बसों में रिफ्लेक्टर व रेडियम स्टीकर आदि लगवा दिया जाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक डा. नागेंद्र नाथ यादव, सीएमओ डा. गीतम सिंह, एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक, एसडीएम मौदहा राजकुमार गुप्ता, एसडीएम सरीला विपिन कुमार शिवहरे तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

विश्व दिव्यांग दिवस पर जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। मंगलवार को दिव्यांग बन्धु के सदस्यों एवं जिला प्रशासन के सहयोग से कलेक्ट्रेट परिसर में विश्व दिव्यांग दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने बताया कि सभी विभागों द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से दिव्यांगजनों को अधिक से अधिक लाभ दिलाया जाये। उन्होंने दिव्यांगजनों का उत्साहवर्धन करते हुये उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी रामलखन गुर्जर ने दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में दिव्यांग पेंशन, कुष्ठावास्था पेंशन, दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना, दुकान संचालन व निर्माण योजना, कृत्रिम अंग सहायक उपकरण, कॉक्लियर इम्प्लांट आदि योजनाओं की जानकारी दी। बताया कि किसी भी प्रकार की कठिनाई आने पर दिव्यांगजन सीधे उनसे सम्पर्क कर सकते हैं। इस दौरान दिव्यांगजनों द्वारा गायन, भजन आदि प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन जलीस खान ने किया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विकास खण्डों से करीब 200 दिव्यांगजन, जिला कृषि अधिकारी, एआरएम रोड़वेज, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रघुनाथ विश्वकर्मा, कमाल ताहा, देवनरायन सोनी, दुर्गेश प्रजापति, सुनील कुमार एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार से संबंधित राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। बांग्लादेशी हिंदू रक्षा संघर्ष समिति के तत्वाधान में जनपद के समस्त हिंदू संगठन रानी लक्ष्मीबाई तिराहा में एकत्र होकर बांग्लादेश सरकार के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन करते हुए अंबेडकर पार्क में एकत्र होकर बांग्लादेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नगर गलियों से होते हुए गोष्ठी के माध्यम से धरना प्रदर्शन किया, इसके पश्चात राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन समिति के माध्यम से जिलाधिकारी को सौंपा गया। कार्यक्रम का संचालन सुरेश भदौरिया ने किया। संबोधन में बोलते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष रामदत्त पांडेय ने कहा कि गत कुछ दिनों से बांग्लादेश में हिंदू समाज के ऊपर वहां की सरकार द्वारा अत्याचार किया जा रहा है और वहां के मठ मंदिरों को तोड़ने का कार्य किया गया। इस्कान मंदिर के प्रमुख चिन्मय कृष्णदास को जेल में बंद किया गया। उन्होंने कहा कि भारत का समस्त हिंदू समाज इसकी घोर निन्दा करता है। निरंकारी समाज के प्रमुख कृष्ण कुमार गुप्ता ने कहा कि बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदू समाज को वहां की सरकार द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। हिन्दू बहन बेटियों की इज्जत लूटी जा रही है। बांग्लादेशी हिंदू रक्षा समिति के प्रमुख सरस्वती शरण द्विवेदी जी ने कहा बांग्लादेशी सरकार द्वारा वहां के हिंदुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार का घोर विरोध करते हुए यहां का हिंदू आक्रोशित है। हमारा हिंदू समाज एक है एक रहेगा। हम अपने भाइयों का अपमान कभी सहन नहीं कर सकते हैं। हम राम, बुद्ध, कृष्ण के अनुयाई हैं। इस मौके पर आर्य समाज के राम बिहारी शुक्ला, बाल्मीकि समाज से लल्लूराम वाल्मीकि, शिक्षा क्षेत्र विष्णु खरे, चिकित्सा प्रकोष्ठ से डॉक्टर पुष्पेंद्र सिंह, ज्योत्सना सिंह समाज सेविका, गीता निषाद समाज सेविका, व्यापार मण्डल जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल, सामाजिक सद्भाव प्रमुख विजय प्रताप सिंह, सिख समुदाय अमरजीत सिंह अरोड़ा आदि पांच हजार की संख्या में सभी सामाजिक धार्मिक संगठनों के लोग एवं मातृशक्ति उपस्थित रही। जिसमें सभी गांव मोहल्ले की तीन हजार मातृशक्ति की सहभागिता रही।

ससुराल में पत्नी से विवाद के बाद युवक ने किया सुसाइड

कमरे में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

अमेठी में देर शाम ससुराल से वापस आए युवक का घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटका शव मिलने से हड़कंप मच गया। परिजनों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करने में जुट गई है। फिलहाल जानकारी मिल रही है कि युवक का पत्नी से किसी बात को लेकर कुछ विवाद हुआ था, जिसके बाद युवक ने आत्महत्या कर ली। पूरा मामला जायस थाना क्षेत्र के पूरे रोसा मोहना गांव का है। यहां का रहने वाला 24 वर्षीय सूरज सरोज पुत्र मैकू बीती शाम अपनी ससुराल से वापस आया था। सूरज अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी कर कमरे के अंदर चला गया। काफी देर बाद भी जब सूरज नहीं निकला तो परिजन उसे ढूंढते हुए कमरे तक पहुंचे तो उसका शव फांसी के फंदे पर लटका मिला।शव देखते ही परिजन बदहवास हो गए और जोर-जोर से चिल्लाने लगे। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही जायस पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करने में जुट गई है। पूरे मामले पर जायस एसएचओ रवि सिंह ने कहा कि शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई कर दिये निर्देश

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। मंगलवार को जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जन सुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुनकर संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर करीब 98 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल व जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जन सुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण करें। इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

देवा-पुष्पा-2 द रूल-छावा की बदली गई रिलीज डेट

मुंबई। आगामी फिल्मों में शाहिद कपूर की एक्शन ड्रामा फिल्म देवा, विक्की कौशल की ऐतिहासिक फिल्म छावा और अल्लू अर्जुन की एक्शन ड्रामा से भरपूर फिल्म पुष्पा 2 द रूल शामिल है। शाहिद कपूर की फिल्म देवा अब 14 फरवरी 2025 की जगह 31 जनवरी 2025 को रिलीज हो रही। छावा पहले 6 दिसंबर 2024 को रिलीज होनी थी, लेकिन अब 19 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। पुष्पा 2 द रूल में अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की रोमांटिक केमेस्ट्री फिर से देखने को मिल रही है। पुष्पा 2 पहले 6 दिसंबर को रिलीज होनी थी, लेकिन अब 5 दिसंबर को रिलीज के लिए तैयार है।

लाइफ Style

सारा

राजनेता के बेटे पर आया दिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सारा अली खान अपनी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में रहे या न रहे, लेकिन अपनी लव लाइफ को लेकर वो सुर्खियों में रहती हैं। दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत हो या कार्तिक आर्यन या फिर क्रिकेटर शुभमन गिल। अपनी लव-लाइफ को लेकर वह सुर्खियों में छाई रहती हैं।

चर्चाएं हुईं कि एक्ट्रेस का दिल क्रिकेटर पर आया है, लेकिन वो सिर्फ अफवाह निकली। अब चर्चाएं हैं कि एक्टर एक बड़े राजनेता के बेटे को डेट कर रही हैं, जो खुद करोड़पति मॉडल है। पिछले काफी समय से पटौदी खानदान की इस बेटी का नाम करोड़पति मॉडल अर्जुन प्रताप बाजवा के साथ जोड़ा जा रहा है। दावा किया जा रहा है कि सारा और अर्जुन दोनों रिलेशनशिप में हैं। तस्वीरें सामने आईं, तो दोनों के अफेयर की चर्चाओं ने फिर से तूल पकड़ लिया। सारा ने कुछ तस्वीरों को इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया है। तस्वीरों में उन्होंने सनसेट एन्जॉय कर रही हैं। उन्होंने डेजर्ट सफारी का भी लुफ्त उठाया। दूसरी तरफ अर्जुन प्रताप ने भी अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं, जिसमें वह जिम में पसीना बहाते नजर आ रहे हैं। अर्जुन एक होटल में बना हुआ जिम इस्तेमाल कर रहे हैं। सारा और अर्जुन ने एक-दूसरे के साथ एक भी फोटो शेयर नहीं की है, लेकिन फैंस का मानना है कि दोनों एक साथ ही राजस्थान वेकेशन पर गए हैं और वहां पर क्वालिटी टाइम बिता रहे हैं। सारा और अर्जुन की ये फोटोज कोलाज के साथ सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रही है, जिसने सोशल मीडिया का पारा बढ़ा दिया है।



हॉलीवुड मसाला

इंफेक्शन की वजह से रोशनी गई

लॉस एंजिल्स। एल्टन जॉन द डेविल वियर्स प्राडा- द म्यूजिकल देखने के लिए पहुंचे थे। लेकिन वह सिर्फ इस शो को सुन ही पाए क्योंकि देख पाना उनके लिए मुमकिन नहीं था। इस शो के गाने उन्होंने ही लिखे हैं। एल्टन ने अपने इस शो के एक्सपीरियंस के बारे में कहते हैं, 'मैंने अपनी आंखों की रोशनी खो दी है, इसलिए मैं यह शो देख नहीं पाया लेकिन मैंने इसे सुनने का पूरा मजा लिया है। वह कहते हैं, 'जब मैं जुलाई महीने में फ्रांस में था तो एक इंफेक्शन की वजह से मेरी दायीं आंख की रोशनी चली गई। चार महीने से मैं देख नहीं पा रहा हूं।

रेड सी इंटरनेशनल फिल्म... में दिखेगा आमिर का जलवा

लॉस एंजिल्स। बॉलीवुड के सुपरस्टार आमिर खान को इस साल के रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (आरएसआईएफएफ) में विशेष सम्मान मिलने जा रहा है। यह प्रतिष्ठित फिल्म महोत्सव 5 से 14 दिसंबर तक जेद्दा, सऊदी अरब में आयोजित होगा। आमिर खान के साथ ऑस्कर के लिए नामांकन पाने वाली एमीली ब्लंट भी इस कार्यक्रम में सम्मानित की जाएंगी। इन सितारों को उनके उत्कृष्ट करियर और फिल्म इंडस्ट्री पर उनके स्थायी प्रभाव के लिए यह सम्मान दिया जाएगा। इस महोत्सव में शामिल होने वाली अन्य प्रमुख हस्तियों में वायोला डेविस और मोना जाकी का नाम भी शामिल है। आमिर और एमीली ब्लंट, दोनों 'इन कंवर्सेशन विद' सत्र में हिस्सा लेंगे, जिसमें वे अन्य मशहूर कलाकारों जैसे एंड्रू गारफील्ड, ईवा लोंगोरिया, करीना कपूर खान और रणबीर कपूर के साथ अपनी फिल्मों और अनुभवों पर बातचीत करेंगे।



मैं खुलकर रहने वाले इंसानों में से हूं

नई दिल्ली। अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर का अफेयर काफी वक्त तक मीडिया की सुर्खियों में रहा। दोनों को कई बार साथ देखा गया। हालांकि, अब इनका ब्रेकअप हो चुका है। इस बीच अनन्य का नाम वॉकर ब्लैंको के साथ जुड़ रहा है। कथित तौर पर दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। अनन्या ने आगे कहा, 'मैं खुलकर रहने वाले इंसानों में से हूं। और जब कोई मुझसे कहता है कि तुम्हें बहुत ज्यादा चीजें शेयर नहीं करनी चाहिए, वे किसी और से चीजें शेयर कर सकते हैं। ऐसा सुनकर मुझे दुख होता है, क्योंकि मैं चीजों को इस तरह नहीं देखती। मैं लोगों में अच्छी चीजें देखना पसंद करती हूं'। अनन्या पांडे के वर्क फ्रंट की बात करें तो आने वाले साल में उनकी झोली में दो फिल्मे हैं। वे लक्ष्य के साथ रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगी। इसका निर्देशन विवेक सोनी कर रहे हैं।



जब मैं छोटा था, मेरे बाल मुफासा जैसे थे

मुंबई। शाहरुख खान अपने दोनों बेटों अबराम और आर्यन खान के साथ पहली बार फिल्म 'मुफासाः द लायन किंग' में जुड़ रहे हैं। शाहरुख इस फिल्म में मुफासा की आवाज देंगे, जबकि अबराम युवा मुफासा और आर्यन सिम्बा के किरदार को आवाज देंगे। यह फिल्म 20 दिसंबर को भारत में रिलीज होगी। उन्होंने साल 2019 में द लायन किंग में भी अपनी आवाज दी थी। शाहरुख ने इस फिल्म से अपने जुड़ाव के बारे में बात करते हुए कहा, 'आप इस किरदार से जुड़ते हैं, क्योंकि मुफासा दयालु, मजबूत, शक्तिशाली, प्यारा और परिवार से जुड़ा हुआ है। ये वे गुण हैं जिन्हें हम सभी अपने अंदर देखना चाहते हैं।' उन्होंने मजाक करते हुए अपने बचपन के दिनों को याद किया और कहा, "मेरे बाल भी मुफासा के जैसे थे, इसलिए मैं खुद को उससे जुड़ा हुआ महसूस करता हूं।'

टीवी मसाला

शक्ति ने चंकी को रातोंरात दिलाई थी 10 फिल्में....

नई दिल्ली। ग्रेट इंडियन कपिल शो' में चंकी पांडे, गोविंदा और शक्ति कपूर की जोड़ी नजर आई। तीनों अभिनेता इस शो में मस्ती करते दिखाई दिए। तीनों अभिनेताओं ने एक दूसरे से जुड़े कई दिलचस्प खुलासे किए हैं। इस दौरान अर्चना पूरन सिंह ने भी शक्ति कपूर को लेकर एक किस्सा सुनाया। द ग्रेट इंडियन कपिल शो में चंकी पांडे ने बताया कि शक्ति कपूर ने प्रोड्यूसर से 50 हजार रुपए दिलाए थे। चंकी पांडे ने कहा कि एक पार्टी में शक्ति कपूर ले गए और प्रोड्यूसर से कहा कि ये बहुत बड़ा हीरो बनने वाला है। उनकी जेब में हाथ डाल कर जितने रुपए मिले मुझे दे दिए। उस रात मैंने 10 फिल्में साइन की थीं। चंकी पांडे ने कहा कि 9 प्रोड्यूसर ने पैसे वापस ले लिए। एक पिक्चर मैंने की। इस पर शक्ति कपूर ने कहा कि इसे देखकर किसी को लगता है कि इसने पैसे वापस किए होंगे। शक्ति कपूर ने कहा कि चंकी पांडे ने सलमान खान को बोला कि एक दुकान है जहां बहुत अच्छे कपड़े हैं। वो आपका बहुत बड़ा फैन है। आप चलिए, इसके बाद सलमान खान ने वहां जाकर कुछ कपड़े लिए। जब दोनों दुकान से निकले तो एक आदमी आया और पैसों की गड्डी चंकी को पकड़ा दी, क्योंकि दुकानदार ने चंकी पांडे से का था कि अगर तुम सलमान को ले आओगे तो मैं तुम्हें पैसा दूंगा।

टाइम गॉड बनने की लड़ाई में फिर भिड़े रजत और दिग्विजय

नई दिल्ली। बिग बॉस 18 में बीतते दिनों के साथ रिश्तों के समीकरण बदलते जा रहे हैं। पहले दो पक्की सहेली चुम और श्रुतिका की लड़ाई हुई। अब रजत और दिग्विजय के बीच तेज बहस देखने को मिल रही है। शो के प्रोमो

वीडियो में दिग्विजय राठी और रजत दलाल के बीच जोरदार लड़ाई देखने को मिल रही है। दोनों दोस्त टाइम गॉड बनने की लड़ाई लड़ रहे हैं। इसमें टास्क के दौरान दिग्विजय रजत दलाल पर गरजते दिखाई दे रहे हैं। टास्क के दौरान दिग्विजय राठी कहते हैं, पागल हो गया है क्या कुछ हो नहीं पा रहा है तो। इस पर रजत कहते हैं गेम खेल रहा है गेम खेल रहे हैं तो। इस पर दिग्विजय राठी कहते हैं पागल आदमी पीछे जाकर भाई की बुराई करता है। इस पर रजत कहते हैं भाई मत बोलना। इस लड़ाई को चाहत सुलझाती नजर आ रही हैं। इस शो में हाल ही में वीकेंड का वार हुआ था। वीकेंड के वार में कृष्णा अभिषेक और सुदेश लहरी एक बार फिर घर के अंदर पहुंचे थे।

जब एक गाने की शूटिंग के कारण अमेरिका में बुरे फंसे फरदीन, पीछे पड़ गए एफबीआई ऑफिसर....

नई दिल्ली। फरदीन खान ने अपने करियर की शुरुआत में करीना कपूर के साथ एक फिल्म 'खुशी' की थी। इसी फिल्म के एक गाने की शूटिंग अमेरिका में हुई। इसके चक्कर में फरदीन के पीछे एफबीआई ऑफिसर पड़ गए थे। फरदीन खान एक बार फिर से बॉलीवुड फिल्मों में पूरी तरह से सक्रिय हो गए। पर्सनल लाइफ में तमाम उतार-चढ़ावों के बाद वह अब अपने करियर पर फोकस करना चाहते हैं। हाल ही में उन्होंने मैशबेल इंडिया को अपनी अपकमिंग फिल्म 'हाउसफुल 5' और करियर से जुड़ी बातों को लेकर एक इंटरव्यू दिया। इसमें ही उन्होंने एक किस्सा साझा किया कि कैसे वह फिल्म 'खुशी' के एक गाने को शूट करने के चक्कर में एफबीआई के शक के घेरे में आ गए थे।

गाने के लिए पुलिस यूनिफॉर्म लेने गए : फरदीन इंटरव्यू में बताते हैं, 'मुझे करीना के साथ एक गाना फिल्म 'खुशी' के लिए शूट करना था, जिसमें पुलिस ऑफिसर की यूनिफॉर्म पहननी थी। ऐसे में मैं, फिल्म के डायरेक्टर और कुछ और लोग एक फैंसी ड्रेस स्टोर में गए। हमने वहां पुलिस की यूनिफॉर्म मांगी और कहा कि बिल्कुल रियल लगनी चाहिए। ड्रेस स्टोर के मालिक ने कहा कि यूनिफॉर्म मिल जाएंगी। लेकिन, अगले दिन हमारे होटल में एफबीआई के ऑफिसर पहुंच गए। दरअसल, मामला यह था कि कुछ दिन पहले ही 9/11 की घटना हुई थी। ऐसे में हर संदिग्ध गतिविधि पर एफबीआई नजर रख रही थी। हमसे पूछताछ की गई कि क्यों पुलिस की यूनिफॉर्म खरीद रहे हो। तब हमने बताया कि हम फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं।

साथ में रहे एफबीआई ऑफिसर : फरदीन आगे बताते हैं कि जब गाने की शूटिंग हो रही थी तो एफबीआई एजेंट हमारे आसपास मौजूद रहे। वह हमारा पीछा करते रहे। जब उन्हें यकीन हो गया कि हम कोई गलत काम नहीं कर रहे हैं तो उन्होंने हमारा पीछा छोड़ दिया।

करीना कपूर के साथ काम करके मिली खुशी : फिल्म 'खुशी' में करीना के साथ काम करने के एक्सपीरियंस को भी फरदीन ने याद किया। साथ ही करीना को वर्सटाइल एक्ट्रेस बताया। फरदीन ने कुछ और फिल्मों में करीना के साथ काम किया है।

'जीरो से रीस्टार्ट' का ट्रेलर रिलीज

नई दिल्ली। 'जीरो से रीस्टार्ट' '12वीं फेल' का प्रीक्वल है, जिसका बहुप्रतीक्षित ट्रेलर जारी कर दिया गया है। इसमें '12वीं फेल' के निर्माण के पीछे के दृश्यों की झलक पेश की गई है। ट्रेलर में विक्रांत के शानदार प्रदर्शन के साथ ही निर्देशक विधु विनोद चोपड़ा का फिल्म के प्रति समर्पण भी झलकता है। 'जीरो से रीस्टार्ट' के ट्रेलर की शुरुआत विधु विनोद चोपड़ा द्वारा '12वीं फेल' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीतने के साथ होती है, जिसे आलिया भट्ट, अमिताभ बच्चन, अनिल कपूर, अल्लू अर्जुन और विजय देवरकोंडा जैसे सितारों से प्रशंसा मिलती है।

खुद को पूरी तरह से कवर करने के लिए लगाया करते थे शर्ट का कॉलर बटन

अभिनय से बना दिया सबको दीवाना, असल जिंदगी में अधूरी रह गई पहली मोहब्बत

नई दिल्ली। देव आनंद के नाम को किसी परिचय की जरूरत नहीं है। वे अपने समय के सबसे खूबसूरत कलाकार रहे। साथ ही अपनी अलग तरह की एक्टिंग स्टाइल से उन्होंने दर्शकों को अपना कायल बना लिया। जानिए, उनके जीवन से जुड़े कुछ किस्से।

धर्मदेव पिशोरीमल आनंद कैसे बने देव आनंद

देव आनंद अभिनय में आने से पहले 65 रुपए महीना वेतन पर काम करते थे। इसके बाद उन्होंने 85 रुपये के वेतन पर एक लेखा फर्म में क्लर्क के तौर पर काम किया। आगे चलकर वह अपने भाई चेतन के साथ जन नाट्य संघ यानी इप्टा के मेंबर बन गए। अशोक कुमार के देव आनंद बहुत बड़े फैन थे। उन्होंने फिल्म 'अछूत कन्या' और 'किस्मत' जैसी फिल्मों में अशोक कुमार को देखकर ही अभिनेता बनने का सोचा। देव आनंद को पहला ब्रेक भी उनकी एक अदद कोशिश के कारण मिला। दरअसल, वह जबरदस्ती प्रभात फिल्म स्टूडियो में घुस गए थे। वहां बाबू राव पई ने उन्हें देखा और देखते ही फिल्मों में काम करने का ऑफर दे दिया। बाबू राव पई, देव आनंद की मुस्कान और आंखों के कायल हो गए थे। जल्द ही देव आनंद को प्रभात फिल्म की एक फिल्म 'हम एक हैं' में मुख्य भूमिका निभाने का अवसर मिला। इस तरह शुरू हुआ देव आनंद का फिल्मी सफर। वह धर्मदेव पिशोरीमल आनंद (असल नाम) से देव आनंद बन गए।



देव आनंद जितने बढ़िया कलाकार थे, उतने ही बेहतरीन इंसान भी थे। उन्होंने जिससे भी दोस्ती की, उसे ताउम्र निभाया। अभिनेता और निर्देशक गुरु दत्त भी देव आनंद के जिगरी दोस्त थे। दोनों की मुलाकात पुणे में प्रभात स्टूडियो की फिल्म 'हम एक हैं' की शूटिंग के दौरान हुई। वहां आनंद की दोस्ती अभिनेता गुरु दत्त से हुई। दोनों ने एक-दूसरे से वादा किया कि

दोस्ती में किया वादा निभाया

उनमें से कोई एक अगर फिल्म उद्योग में सफल होता है, तो वह दूसरे को भी सफल होने में मदद करेगा। जैसे देव आनंद ने गुरु दत्त को कहा कि अगर वह कोई फिल्म बनाएंगे तो उसमें निर्देशक गुरु दत्त को लेंगे। वहीं, अगर गुरु दत्त कोई फिल्म बनाएंगे तो वह देव आनंद को हीरो लेंगे। आगे चलकर जब देव आनंद ने भाई चेतन के साथ मिलकर अपना प्रोडक्शन हाउस खोला तो गुरु दत्त को पहली फिल्म 'बाजी' में निर्देशन करने का मौका दिया। गुरु दत्त के अलावा राज कपूर और दिलीप कुमार के साथ भी देव आनंद की गजब की दोस्ती रही, जबकि यह तीनों बॉलीवुड में एक-दूसरे का कॉम्पिटिशन थे।

खूबसूरती के हुए दर्शक दीवाने

देव आनंद जैसे-जैसे फिल्म करने लगे, उन्हें दर्शकों का प्यार मिलने लगा। दर्शक खासकर महिला दर्शक उनकी खूबसूरती की दीवानी हो गईं। पर्दे पर जब भी देव आनंद नजर आते, फीमेल फैंस उनसे अपनी नजर हटा ही नहीं पाती थीं।

स्टाइल के पीछे का असल राज

देव आनंद फिल्मों में अपनी एक अलग स्टाइल के लिए जाने जाते हैं, वह कॉलर बटन लगाकर रखते थे। ब्लैक कपड़े ही पहनते थे। लेकिन, असलियत यह है कि बचपन और जवानी के शुरुआती दिनों में देव आनंद बहुत शर्मीले लड़के रहे। वह झुककर चलते थे और खुद को पूरी तरह से कवर करने के लिए शर्ट का कॉलर बटन लगाया करते थे। बाद में यही सब बातें पर्दे पर उनकी खासियत में बदल गई।

अधूरा रह गया था पहला प्यार

देव आनंद जब बतौर अभिनेता सफल हुए तो उनके जीवन में प्यार ने दस्तक दी। सिंगर सुरैया से उन्हें मोहब्बत हुई, लेकिन यह प्यार अधूरा ही रह गया। सुरैया से देव आनंद शादी करना चाहते थे, लेकिन सुरैया के घरवाले राजी नहीं हुए। बाद में देव आनंद ने कल्पना कार्तिक से शादी की। ऐसा बताया जाता है कि आगे चलकर देव आनंद का दिल जीनत अमान पर भी आया, लेकिन जीनत किसी और को प्यार करती थीं इसलिए देव को जीनत का साथ भी नसीब नहीं हुआ। इस तरह देखा जाए कई दिलों की धड़कन देव आनंद को खुद अपना प्यार नसीब नहीं हुआ।